महाविद्यालय समाचार पत्रिका

# जौनसार दर्पण

प्रकाशक
सुश्री रेखा, *प्रभारी*
सूचना, संचार एवं प्रकाशन विभाग
एसएमआर जनजातीय (पीजी) कॉलेज
साहिया, देहरादून

अंक :1 वर्ष :1 (1 जुलाई, 2024 से 30 जून, 2025) पृष्ठ 36

## संदेश



मुझे अत्यंत हर्ष है कि सरदार महिपाल राजेन्द्र जनजातीय (पी.जी.) कॉलेज, साहिया की वार्षिक समाचार पत्रिका 'जौनसार दर्पण' का प्रकाशन हो रहा है। यह पत्रिका हमारे महाविद्यालय की शैक्षणिक, सांस्कृतिक, क्रीड़ा एवं सामाजिक गतिविधियों का दर्पण है। यह केवल हमारी उपलब्धियों का संकलन नहीं, बल्कि हमें भविष्य में और अधिक परिश्रम, समर्पण एवं उत्साह के साथ कार्य करने हेतु प्रेरित करती है।

बीते सत्र में हमारे छात्र-छात्राओं ने शिक्षा, अनुसंधान, संस्कृति, खेलकूद और समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलताएँ अर्जित की हैं। यह हमारे प्राध्यापकों के सतत मार्गदर्शन और छात्र-छात्राओं की लगन व निष्ठा का परिणाम है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि यह समाचार पत्रिका हमारी सामूहिक प्रगति को और अधिक गति प्रदान करेगी।

जौनसार-बावर की गौरवमयी सांस्कृतिक विरासत और हमारे महाविद्यालय की शैक्षिक परंपरा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त कर रही हैं। मुझे आशा है कि आगामी शैक्षणिक सत्र हम सभी के लिए और अधिक सफल, सृजनात्मक एवं प्रेरणादायी सिद्ध होगा।

मैं समाचार पत्रिका की प्रकाशन समिति को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित करता हूँ, जिन्होंने इसके प्रकाशन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

**अनिल सिंह तोमर**
चेयरमैन
सरदार महिपाल राजेन्द्र
जनजातीय (पी.जी.) कॉलेज, साहिया

## मेरी बात



'सा विद्या या विमुक्तये' सच्चा ज्ञान वही है, जो हमें मुक्त करता है। इसी पवित्र भाव से प्रेरित होकर सरदार महिपाल जनजातीय (पी.जी.) कॉलेज ज्ञान को संजोने, संस्कृति को संरक्षित करने और समाज को सशक्त बनाने की राह पर निरंतर अग्रसर है। महाविद्यालय वार्षिक समाचार पत्रिका 'जौनसार दर्पण' को प्रस्तुत करते हुए मुझे अत्यन्त हर्ष और गर्व का अनुभव हो रहा है। यह केवल घटनाओं का संकलन नहीं, बल्कि बीते वर्ष की हमारी सामूहिक यात्रा का प्रतिबिंब है, एक ऐसी यात्रा जिसमें शिक्षा, सृजनशीलता, अनुशासन और विकास के विविध रंग समाहित हैं।

शैक्षणिक सत्र 2024-25 विद्यार्थियों की उपलब्धियों से गौरवशाली रहा। उन्होंने शिक्षा, संस्कृति और खेलकूद में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की तथा राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के माध्यम से समाज निर्माण में भी सक्रिय योगदान दिया। प्राध्यापकों के मार्गदर्शन और प्रबंधन के सहयोग ने इस यात्रा को और सशक्त बनाया।

जौनसार-बावर की सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक धरोहर को संजोते हुए हमारा महाविद्यालय विद्यार्थियों को आत्मविश्वास के साथ भविष्य की चुनौतियों का सामना करने योग्य बनाने का सतत प्रयास करता है। कार्यशालाएँ, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सामाजिक पहल इसी दिशा में हमारे संकल्प के प्रतीक हैं।

यह समाचार पत्रिका उन्हीं प्रेरणादायी क्षणों को समेटने का एक विनम्र प्रयास है। ऋग्वेद हमें स्मरण कराता है:-

'संगच्छध्वं संवदध्वं सं वो मनांसि जानताम्' आओ, हम साथ चलें, साथ बोलें और हमारे मन एक हों।

इसी भाव के साथ, मैं उन सभी का हृदय से आभार व्यक्त करती हूँ, जिन्होंने इस समाचार पत्रिका और महाविद्यालय की प्रगति में योगदान दिया। आने वाला सत्र और भी अधिक सफलता, सामञ्जस्य और प्रेरणा लेकर आए यही मेरी कामना है।

**डॉ. चन्द्रिका**
विभागाध्यक्ष, संस्कृत विभाग
एवं सह-प्रभारी,
वार्षिक समाचार पत्रिका 'जौनसार दर्पण'

# महाविद्यालय का परिचय



उत्तराखण्ड की प्राकृतिक सुंदरता से समृद्ध और जौनसार बावर क्षेत्र की हृदय स्थली साहिया में स्थित सरदार महिपाल राजेन्द्र जनजातीय (पी.जी.) कॉलेज इस क्षेत्र की शिक्षा यात्रा का एक महत्त्वपूर्ण अध्याय है। तीन दशकों से अधिक समय तक चले दृढ़ संकल्प और अथक प्रयासों के बाद, यह महाविद्यालय उच्च शिक्षा के एक प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित हुआ।

शुरुआत में, वर्ष 2010 में ग्लोबल शिक्षा समिति (समाल्टा) द्वारा जौनसार बावर के साहिया में उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय का अध्ययन केंद्र स्थापित किया गया, जिसका उद्देश्य जनजातीय छात्र-छात्राओं को दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से उच्च शिक्षा का लाभ प्रदान करना था। क्षेत्र में उच्च शिक्षा के प्रति उत्साह को देखते हुए, वर्ष 2017 में सरदार महिपाल राजेन्द्र स्नातक महाविद्यालय की स्थापना की गई, जिसे 6 जून 2018 को श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय से स्नातक और बाद में स्नातकोत्तर तथा व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए सम्बद्धता प्राप्त हुई।

ऐतिहासिक रूप से 'कुलिन्द' के नाम से प्रसिद्ध जौनसार बावर क्षेत्र, अपनी प्राचीन ज्ञान-विज्ञान और समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर के लिए जाना जाता है। यह क्षेत्र, कलिन्द गिरि से प्रवाहित कालिन्दी (यमुना) की पवित्र धारा की उज्ज्वल संस्कृति को संजोए हुए है, जिसने न केवल उत्तराखण्ड बल्कि पूरे भारतवर्ष में अपना एक विशिष्ट स्थान बनाया है। यह महाविद्यालय इस गौरवशाली परम्परा को पुनर्स्थापित करने के अपने प्रयासों में जुटा है।




प्राकृतिक कठिनाइयों के बावजूद, इस महाविद्यालय ने स्थानीय छात्र-छात्राओं के लिए उच्च शिक्षा की सहज और सुलभ व्यवस्था प्रदान की है। क्षेत्र के विद्यार्थियों को अब सुदूर शहरों का रुख करने की आवश्यकता नहीं है, और वे अपने गृहक्षेत्र में ही उच्च शिक्षा प्राप्त कर, राज्य और राष्ट्र की सेवा में अपना योगदान दे रहे हैं। जौनसार बावर के माध्यमिक विद्यालयों से उत्तीर्ण विद्यार्थी अब इस महाविद्यालय के माध्यम से अपने शैक्षिक और व्यावसायिक सपनों को साकार कर रहे हैं, जो निःसंदेह एक गर्वित और प्रेरणादायी उपलब्धि है।

# हरेला पर्व: प्रकृति संरक्षण का लिया संकल्प



**दिनांक16 जुलाई 2024।** उत्तराखंड की सांस्कृतिक धरोहर और पर्यावरण संरक्षण से गहराई से जुड़े हरेला पर्व का आयोजन सरदार महिपाल राजेंद्र जनजातीय पी.जी. कॉलेज, साहिया में पारंपरिक उल्लास और उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर कॉलेज परिसर में विभिन्न प्रजातियों के छायादार व फलदार वृक्षों का सामूहिक रोपण कर प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी प्राचार्य डॉ. रवि कुमार द्वारा किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हरेला केवल हरियाली का पर्व नहीं है, बल्कि यह हमें प्रकृति के साथ सामंजस्य, संतुलन और उसके संरक्षण की प्रेरणा देता है। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे वृक्षारोपण के साथ-साथ उनकी नियमित देखभाल भी सुनिश्चित करें।

कार्यक्रम संयोजक रितेश चौहान ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सबकी जिम्मेदारी है। वनों के अंधाधुंध कटाव को रोकना और जन-जन में पर्यावरणीय जागरूकता फैलाना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने यह भी जोर दिया कि जागरूकता अभियानों को गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाना चाहिए, ताकि सामूहिक प्रयासों से प्रकृति की रक्षा की जा सके। वृक्षारोपण के दौरान छात्राओं ने **"एक पेड़, एक जीवन"** का नारा लगाते हुए शपथ ली कि वे न केवल पेड़ लगाएंगे, बल्कि उनकी देखभाल और सुरक्षा भी करेंगे।

कार्यक्रम में आशा सिंह, प्रदीप कुमार, नरेश चौहान, प्रदीप तोमर, मुकेश तोमर, गम्भीर सिंह चौहान, पूलमा पंवार, सुनीता तोमर सहित कॉलेज के अनेक छात्र-छात्राएं एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। हरेला पर्व का यह आयोजन कॉलेज परिवार के सामूहिक प्रयासों और पर्यावरण के प्रति समर्पण का प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत करता है।

# बलिदान दिवस पर श्रीदेव सुमन को अर्पित की श्रद्धाञ्जलि




**25 जुलाई 2024।** एस.एम.आर. जनजातीय महाविद्यालय, साहिया में टिहरी जनक्रांति के महानायक और स्वतंत्रता संग्राम के वीर सेनानी शहीद श्रीदेव सुमन के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि सभा एवं विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार द्वारा उनकी पुण्य स्मृति में पुष्पांजलि अर्पित कर उनके अदम्य साहस, संघर्ष और बलिदान को नमन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन रीता तोमर द्वारा किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि 25 जुलाई 1944का दिन भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में अमिट है, जब श्रीदेव सुमन ने टिहरी रियासत की जनविरोधी नीतियों और ब्रिटिश साम्राज्यवाद के खिलाफ आवाज बुलंद करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी।

महाविद्यालय के चेयरमैन अनिल सिंह तोमर ने श्रीदेव सुमन के जीवन के संघर्षपूर्ण प्रसंगों को विस्तार से बताते हुए कहा कि टिहरी की निरंकुश राजशाही के विरोध में उन्होंने 84 दिनों का ऐतिहासिक भूख हड़ताल की। इस दौरान उन्हें अमानवीय यातनाओं का सामना करना पड़ा जेल में रोटी में कांच मिलाकर खिलाया गया, और 35 सेर वजन की लोहे की बेड़ियों से जकड़कर रखा गया। उन्होंने कहा कि श्रीदेव सुमन का जीवन और बलिदान आज भी हम सभी के लिए अदम्य साहस, त्याग और देशभक्ति का प्रेरणास्रोत है। उनकी अस्थियां एवं लोहे की बेड़ियां वर्तमान में टिहरी संग्रहालय में संरक्षित हैं, जो उनके संघर्ष और बलिदान की गवाही देती हैं।

इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए तथा उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# शिक्षाशास्त्र विभागीय परिषद का गठन




**24 सितंबर, 2024।** सरदार महिपाल राजेंद्र जनजातीय पीजी कॉलेज, साहिया में आज शिक्षाशास्त्र विभाग के अंतर्गत विभागीय परिषद का गठन किया गया। चुनाव में छात्र–छात्राओं ने सर्वसम्मति से साक्षी तोमर को अध्यक्ष, नीतू को उपाध्यक्ष, रमेश को सचिव, रवीना को सह–सचिव और रेखा को कोषाध्यक्ष चुना गया। इसके अतिरिक्त गीता, नेहा, तनिशा, अंशुल और साक्षी को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में चयनित किया गया।

विभागाध्यक्ष आशा सिंह ने इस अवसर पर कहा कि प्रभावी शिक्षण और अधिगम के लिए शिक्षक एवं छात्रों का परस्पर समन्वय अत्यंत आवश्यक है। परिषद के गठन से छात्र–छात्राओं की विभागीय गतिविधियों में सक्रियता बढ़ेगी, जिससे उनके सर्वांगीण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जा सकेंगे।

समारोह के मुख्य वक्ता, समाजशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक प्रदीप कुमार ने कहा कि शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य जीवन के हर पहलू में सुधार और विकास करना है।

इस अवसर पर डॉ. रीना रांगड़, सुश्री रेखा, डॉ. चंद्रिका सहित अन्य प्राध्यापिकाएं तथा छात्र–छात्राएं : प्रीति, रिया, शालू, रेखा, वर्षा, तनिशा तोमर, नीरज और आलोक उपस्थित रहे।



# अभिविन्यास कार्यक्रम में नव प्रवेशी छात्रों का भव्य स्वागत

**1 अगस्त 2024।** सरदार महिपाल राजेंद्र जनजातीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, साहिया में नए सत्र 2024-25 के नव प्रवेशी विद्यार्थियों के स्वागत एवं मार्गदर्शन हेतु अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था अध्यक्ष अनिल सिंह तोमर द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया।

सर्वप्रथम महाविद्यालय परिवार ने नव प्रवेशी छात्रों का स्वागत किया। इसके पश्चात महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के प्राध्यापकों ने क्रमवार विद्यार्थियों को महाविद्यालय की शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों, नियमावली, सुविधाओं एवं संसाधनों की विस्तृत जानकारी दी। संकाय विभागों के प्राध्यापकों ने पुस्तकालय, खेल, शोध एवं विभिन्न छात्र गतिविधियों के विषय में मार्गदर्शन दिया।

प्रभारी प्राचार्य डॉ. रवि कुमार ने विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर पर लागू राष्ट्रीय शिक्षा नीति की मुख्य विशेषताओं, पाठ्यक्रम संरचना और विषय चयन प्रक्रिया पर प्रकाश डाला। सहायक प्राध्यापक डॉ. शशिकला ने विद्यार्थियों को विभिन्न अतिरिक्त शैक्षणिक एवं रचनात्मक गतिविधियों के आयोजन के अवसरों की जानकारी दी।

मुख्य वक्ता श्री रिंकूदास भारती ने परीक्षा प्रणाली, मूल्यांकन पद्धति एवं परीक्षा की तैयारी संबंधी सुझाव दिए। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय की विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक और खेल उपलब्धियों को प्रोजेक्टर एवं वीडियो प्रस्तुति के माध्यम से प्रदर्शित किया गया, जिससे विद्यार्थियों को संस्थान की गतिविधियों एवं गौरवशाली इतिहास की झलक मिली।



कार्यक्रम का समापन संस्था अध्यक्ष अनिल सिंह तोमर के प्रेरणादायी उद्बोधन के साथ हुआ, जिसमें उन्होंने विद्यार्थियों से शैक्षणिक अनुशासन, समय प्रबंधन और उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए सतत प्रयास करने का आहवान किया।


# हिन्दी दिवस : राष्ट्रीय एकता और भाषाई गौरव का उत्सव



**दिनांक :14 सितंबर 2024।** राष्ट्रीय हिंदी दिवस के अवसर पर कॉलेज में उत्साह और गर्व के साथ विशेष कार्यक्रम एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। निर्णायक मंडल में सहायक प्राध्यापक रिंकूदास भारती और डॉ. चंद्रिका ने प्रतिभागियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन का मूल्यांकन किया। प्रतियोगिता में कु. सोनिया (एम.ए. प्रथम सेमेस्टर) ने प्रथम स्थान, शुभम वर्मा (पंचम सेमेस्टर) ने द्वितीय स्थान तथा कु. रेखा (बी.ए. तृतीय सेमेस्टर) ने तृतीय स्थान हासिल कर कॉलेज का गौरव बढ़ाया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. शशिकला ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा कि हिंदी को आधुनिक तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के साथ जोड़कर हम अपनी सांस्कृतिक धरोहर को सुरक्षित व समृद्ध बना सकते हैं।

सह-संयोजक डॉ. रीना रांगड़ ने कहा कि हिंदी केवल भाषा नहीं, बल्कि हमारी पहचान और एकता का प्रतीक है। हमें इसे पढ़ने, लिखने और बोलने की आदत को निरंतर बनाए रखना चाहिए और युवा पीढ़ी को इसके महत्व से अवगत कराना चाहिए।

इस अवसर पर प्रियंका, सरिता, सोनिया, आशीष, शुभम, मोनिका, कविता, नेहा, मानसी, रविता सहित अनेक विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भाषा प्रेम और राष्ट्रीय एकता की भावना का उत्साहपूर्ण माहौल बना रहा।




# साहिया कॉलेज में धूमधाम से मनाया गया 78वां स्वतंत्रता दिवस

**15 अगस्त 2024।** सरदार महिपाल राजेंद्र जनजातीय पीजी कॉलेज, साहिया में 78वां स्वतंत्रता दिवस समारोह बड़े ही हर्षोल्लास और गरिमामय माहौल में मनाया गया।कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण से हुई, जिसके उपरांत दीप प्रज्ज्वलन और मंत्रोच्चारण के साथ स्वतंत्रता दिवस का औपचारिक शुभारंभ किया गया।

छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से वातावरण देशभक्ति के रंग में रंग दिया। सरस्वती वंदना, देशभक्ति नृत्य, तथा पलायन की समस्या पर आधारित जौनसारी गीत '**बाठा नाना**' का नाटकीय मंचन दर्शकों के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। देशभक्ति गीत 'जय हो' और 'तेरी मिट्टी' की प्रस्तुति पर सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। कार्यक्रम संयोजक आशा सिंह ने स्वागत संबोधन में सभी अतिथियों का हार्दिक अभिनंदन किया। राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष रिंकूदास भारती ने स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्षों पर प्रकाश डालते हुए जौनसार-बावर क्षेत्र के वीरों के बलिदान को याद किया, जिन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में अपना सर्वस्व न्यौछावर कर देश को स्वाधीन बनाया।

डॉ. रवि कुमार ने अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि यह स्वतंत्रता लंबे संघर्षों और बलिदानों के बाद मिली है। उन्होंने स्वतंत्रता के मूल्य को समझने और सभी देशवासियों के बीच एकता बनाए रखने का संदेश दिया।

प्राचार्या डॉ. रेनू गुप्ता ने अपने संबोधन में स्वतंत्रता सेनानियों की अमर गाथा का स्मरण कर उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को चाहिए कि वे इन महान क्रांतिकारियों को अपना आदर्श बनाकर देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएं।

समारोह का समापन महाविद्यालय के चेयरमैन अनिल सिंह तोमर के संबोधन से हुआ। उन्होंने स्वतंत्रता दिवस की सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं और कहा कि आंदोलनकारियों ने कठोर यातनाएं सहन कर भारत को आजादी दिलाई, जिसका हमें सम्मान और संरक्षण करना चाहिए। कार्यक्रम सह संयोजक पूजा पांडेय ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए समारोह को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि सरदार सिंह तोमर, ग्लोब शिक्षा समिति के अध्यक्ष महिपाल सिंह तोमर, अभिभावक-शिक्षक समिति के अध्यक्ष महेन्द्र सिंह तोमर, डॉ. शशिकला, डॉ. रीना रांगड़, डॉ. चंद्रिका, प्रदीप कुमार, सुश्री रेखा, पूनम चौहान, वरूण प्रसाद सेमवाल, कमल सिंह नेगी, गंभीर सिंह, रितेश चौहान, मुकेश तोमर, रितिका चौहान, रीता तोमर, नरेश चौहान सहित कॉलेज के छात्र-छात्राएं हरीश, सचिन, आशीष, काजल, सोनिया, रविता, रेखा, प्रियंका, अमीषा, याशिका, कल्पना, अंजू, मोनिका, सरिता, गीता, प्रीति, प्राची आदि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# चित्रकला विभागीय परिषद में मनीष होंगे अध्यक्ष

**01 अक्टूबर 2024।** सरदार महिपाल राजेंद्र जनजातीय (पी.जी.) कॉलेज, साहिया के चित्रकला विभाग में आज विभागीय परिषद का गठन उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। परिषद के गठन में छात्र-छात्राओं ने आपसी सहमति से पदाधिकारियों का चयन किया। मनीष को अध्यक्ष, आंचल को उपाध्यक्ष, तनीषा को सचिव, अंशिका को सह-सचिव तथा प्रमिला को कोषाध्यक्ष के रूप में चुना गया। साथ ही, निधि तोमर, अंजलि, कविता, इशिता और मानसी को सदस्य बनाया गया।




इस अवसर पर अंग्रेजी विभागाध्यक्ष सुश्री रेखा ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि विभागीय परिषद, चित्रकला के क्षेत्र में छात्रों की प्रतिभा निखारने और उन्हें नई दिशा देने में सहायक होगी। चित्रकला विभागाध्यक्ष सुश्री पूजा पांडेय ने सभी को सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया और कहा कि यह परिषद छात्रों के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाएगी।

# पुस्तकालय ज्ञान का संग्रहालयः पूनम चौहान

## महाविद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया राष्ट्रीय पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस



**12 अगस्त 2024।** सरदार महिपाल राजेंद्र जनजातीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, साहिया में राष्ट्रीय पुस्तकालय दिवस हर्षोल्लास एवं विचारमंथन के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।

कार्यक्रम संयोजक पूनम चौहान ने अपने व्याख्यान में पुस्तकालय के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पुस्तकालय ज्ञान का भंडार है, जिससे प्रत्येक विद्यार्थी अपने भविष्य को उज्ज्वल बना सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को पुस्तकालय के संसाधनों का अधिकतम उपयोग करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर **डॉ. एस. आर. रंगनाथन** के योगदान पर विशेष चर्चा हुई। रंगनाथन न केवल भारत के प्रथम विश्वविद्यालय में पुस्तकालयाध्यक्ष रहे, बल्कि उन्होंने पुस्तकालय विज्ञान के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाए। सह-संयोजक डॉ. शशिकला ने राष्ट्रीय पुस्तकालय दिवस की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह दिवस हर वर्ष 12 अगस्त को डॉ. रंगनाथन की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।

मुख्य वक्ता एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रवि कुमार ने अपने संबोधन में पुस्तकालय की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि पुस्तकालय केवल पुस्तकों का संग्रहालय नहीं, बल्कि विद्यार्थियों और शोधार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रिंकूदास भारती, प्रदीप कुमार, आशा सिंह, रेखा, पूजा पांडे, वरूण प्रसाद सेमवाल, गंभीर सिंह, नरेश चौहान, मुकेश तोमर, रितिका चौहान, सुनीता सहित महाविद्यालय के अनेक शिक्षक उपस्थित रहे। छात्र-छात्राओं में रितिका चौहान, आराध्या, सचिन, हर्षवर्धन रावत, शुभम, अमीता, प्रीति, प्रतिभा, अंजू, बॉबी, अंशिका, प्रियंका आदि के साथ बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## रोजगार कौशलों पर करियर काउंसिलिंग संगोष्ठी आयोजित



**25 सितम्बर 2024।** सरदार महिपाल राजेन्द्र जनजातीय पीजी कॉलेज साहिया में यूथ हब अभियान के अंतर्गत विशिष्ट सेवायोजन कार्यालय, कालसी के तत्वावधान में एक दिवसीय करियर काउंसिलिंग संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को विभिन्न रोजगार की संभावनाओं और आवश्यक रोजगार कौशलों के बारे में जानकारी प्रदान करना था।

कार्यक्रम का समन्वयक डॉ- रीना राँगड़ ने मुख्य अतिथि वक्ताओं का स्वागत किया। मुख्य वक्ता विशिष्ट सेवायोजन अधिकारी बिनीता बड़ोनी ने छात्र-छात्राओं को विभिन्न क्षेत्रो में उपलब्ध रोजगार अवसरों, रोजगार कौशलों के महत्व, रोजगार पंजीकरण पोर्टल तथा यूथ हब अभियान से संबंधित जानकारियां प्रदान कीं। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रभारी प्राचार्य डॉ- शशिकला, रेखा सहित छात्र-छात्राओं में अल्पना, वंश, पुष्पा, सुजल जोशी, अतर सिंह, दिनेश चौहान, मनीष चौहान, तनीषा चौहान, नेहा, मिथुनी, मोनिका, रवीना, प्रमिला, सरिता, काजल, निहारिका, पूजा, अजय, अनुज तोमर, अनीष आदि उपस्थित रहे।

# छात्रों और शिक्षकों ने लिया नशामुक्त समाज निर्माण का संकल्प



**12 अगस्त 2024।** सरदार महिपाल राजेंद्र जनजातीय पी.जी. कॉलेज, साहिया में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाने और समाज को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से विशेष शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम **"विकसित भारत का निर्माण : भारत की नशा मुक्त संकल्पता"** विषय पर आधारित रहा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रभारी प्राचार्य डॉ. रवि कुमार ने नशे के कुप्रभावों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य और भविष्य को नष्ट करता है, बल्कि परिवार और समाज के विकास में भी बाधा बनता है। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने में अग्रणी भूमिका निभाएं, क्योंकि आज का युवा यदि ठान ले, तो एक स्वस्थ, सुरक्षित और सशक्त समाज का निर्माण संभव है।

कार्यक्रम संयोजक डॉ. रीना रांगड़ ने कहा कि छात्रों में सामाजिक चेतना जागृत करना शिक्षा का अभिन्न अंग है। उन्होंने उपस्थित सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों को शपथ दिलाई कि वे स्वयं नशामुक्त जीवन अपनाएंगे और अपने आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में कॉलेज के सभी विभागों के शिक्षकगण और छात्र–छात्राएं उत्साहपूर्वक शामिल हुए। प्रमुख रूप से डॉ. शशिकला, रिंकूदास भारती, पूनम चौहान, प्रदीप कुमार, आशा सिंह, वरुण प्रसाद सेमवाल, गंभीर सिंह, रितेश चौहान, मुकेश तोमर, सुनीता आदि उपस्थित रहे।

इस आयोजन ने नशामुक्त भारत के संकल्प को सशक्त करते हुए, विद्यार्थियों में जिम्मेदारी और सामाजिक योगदान की भावना को और दृढ़ किया।

# महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का शुभारंभ

## सामुदायिक सेवा से होगा राष्ट्र का समग्र विकास

**14 सितम्बर 2024।** सरदार महिपाल राजेंद्र जनजातीय पीजी कॉलेज, साहिया में इस शैक्षिक सत्र से राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई की औपचारिक शुरुआत की गई। चेयरमैन अनिल सिंह तोमर ने बताया कि यह पहल जनजातीय क्षेत्र के छात्रों को सामाजिक कार्यों में सहभागिता के साथ–साथ नेतृत्व कौशल, जनजागरूकता अभियान, सेवाभाव और सामुदायिक उत्तरदायित्वों का अनुभव प्रदान करेगी। इसका उद्देश्य छात्रों को सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक कर समाज में सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रेरित करना है।

राष्ट्रीय सेवा योजना, भारत सरकार के युवा मामले और खेल मंत्रालय की एक प्रमुख पहल है, जिसका मुख्य उद्देश्य छात्रों के व्यक्तित्व का समग्र विकास करना है। इसके माध्यम से छात्र न केवल अपने ज्ञान का व्यावहारिक उपयोग कर सकेंगे, बल्कि समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को भी गहराई से समझ सकेंगे। यह योजना उन्हें विभिन्न जनजागरूकता अभियानों में भाग लेने का अवसर प्रदान करती है, जिससे वे समाज की समस्याओं और विसंगतियों को समझकर उनके समाधान के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर सकें।

प्राचार्य डॉ. रेनू गुप्ता ने कहा कि इस योजना का आदर्श वाक्य "मुझे नहीं, बल्कि तुम" नि:स्वार्थ सेवा की भावना को प्रोत्साहित करता है। एनएसएस का प्रतीक चिन्ह ओडिशा के कोणार्क सूर्य मंदिर के विशाल रथ के पहिये पर आधारित है, जो निरंतर विकास और सामाजिक परिवर्तन का प्रतीक है। यह चिन्ह छात्रों को राष्ट्र और समाज की सेवा के प्रति प्रेरित करता है, जिसमें निरंतरता और बदलाव दोनों निहित हैं।

कार्यक्रम की प्रभारी डॉ. शशिकला ने बताया कि इस योजना के तहत कॉलेज के छात्रों को न केवल सामुदायिक सेवा के प्रति जागरूक किया जाएगा, बल्कि उन्हें व्यावहारिक जीवन के लिए भी तैयार किया जाएगा। इससे छात्रों में नेतृत्व क्षमता, प्रशासनिक दक्षता और जिम्मेदार नागरिक बनने के गुण विकसित होंगे

सह–प्रभारी रिंकूदास भारती ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना की यह इकाई न केवल छात्रों के लिए बल्कि पूरे जनजातीय क्षेत्र के लिए लाभकारी सिद्ध होगी। यह आपदा प्रबंधन, जनजागरण, सामाजिक सेवा और सामाजिक सद्भावना के साथ ही राष्ट्र निर्माण के महत्वपूर्ण उद्देश्यों को भी पूरा करेगी।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर उत्साह और जोश के साथ खेल प्रतियोगिताएं संपन्न



**29 अगस्त 2024।** सरदार महिपाल राजेंद्र जनजातीय पीजी कॉलेज, साहिया में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय खेल दिवस बड़े हर्षोल्लास और जोश के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज परिसर में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह, प्रतिस्पर्धा और खेल भावना के साथ भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि एवं महाविद्यालय के चेयरमैन श्री अनिल सिंह तोमर द्वारा खेल ध्वज फहराकर और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करके की गई। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि खेल जीवन का अभिन्न अंग हैं, जो न केवल शारीरिक क्षमता को बढ़ाते हैं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व कौशल भी विकसित करते हैं। इस अवसर पर आयोजित खो-खो, लंबी कूद, 200 मीटर दौड़ और गोला फेंक जैसी प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया।

- खो-खो प्रतियोगिता में सोनिया व टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया।
- लंबी कूद में बीए पंचम सेमेस्टर के आशीष वर्मा ने बालक वर्ग में और गीता ने बालिका वर्ग में पहला स्थान प्राप्त किया।
- गोला फेंक में बालक वर्ग का प्रथम स्थान सुमित तोमर के नाम रहा, जबकि बालिका वर्ग में गीता ने जीत दर्ज की।
- 200 मीटर दौड़ में बालक वर्ग में कपिल और बालिका वर्ग में गीता विजेता बने।

कार्यक्रम संयोजक रिंकूदास भारती ने जानकारी दी कि विजेता खिलाड़ियों को महाविद्यालय के वार्षिक उत्सव के दौरान ट्रॉफी, प्रमाण पत्र और मेडल प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. रवि कुमार, महाविद्यालय के सभी शिक्षकगण, खेल समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर इस आयोजन को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। अंत में खेल भावना के साथ सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी गई और कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान के साथ हुआ।

## युवा संसद में छात्रों ने दिखाया नेतृत्व कौशल : आंचल, सोनिया और हेमंत रहे अव्वल



**31-08-2024** सरदार महिपाल राजेंद्र जनजातीय पी.जी. कॉलेज, साहिया में आयोजित '**युवा संसद कार्यक्रम**' में विद्यार्थियों के लिए संसदीय प्रक्रिया को समझने और लोकतांत्रिक मूल्यों को आत्मसात करने का एक सार्थक मंच सिद्ध हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत छात्र-छात्राओं द्वारा सांसद के रूप में शपथ ग्रहण से हुई। इसके बाद प्रतिभागियों ने संसद की कार्यवाही का सजीव अनुकरण करते हुए सांसद, मंत्री और प्रधानमंत्री की भूमिकाओं का प्रभावशाली निर्वहन किया। छात्रों ने न केवल अपनी वाक्पटुता और नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन किया, बल्कि विभिन्न सामाजिक व राष्ट्रीय मुद्दों पर गंभीरता से अपने विचार भी रखे।

मुख्य अतिथि उत्तराखंड विधानसभा के पूर्व सूचना अधिकारी भारत चौहान ने छात्रों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से युवाओं को संसदीय कार्य प्रणाली का व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त होता है और उनमें लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति गहरी समझ विकसित होती है। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर आंचल विष्ट को प्रथम, सोनिया को द्वितीय तथा हेमंत को तृतीय स्थान प्रदान किया गया। निर्णायक मंडल द्वारा चयनित प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के चेयरमैन अनिल सिंह तोमर, प्राचार्य डॉ. रेनू गुप्ता, कार्यक्रम संयोजिका एवं राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष रिंकूदास भारती, डॉ. रवि कुमार, प्रधानमंत्री की भूमिका में शुभम वर्मा, लोकसभा अध्यक्ष आशीष वर्मा, नेता प्रतिपक्ष आंचल विष्ट, कार्यक्रम सह संयोजक रेखा, आशा सिंह, सुनील शर्मा सहित अन्य गणमान्य शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।




# साहिया कॉलेज में उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय की कार्यशाला सपन्न

**4 सितम्बर 2024।** सरदार महिपाल राजेंद्र जनजातीय पीजी कॉलेज (अध्ययन केंद्र कोड 11130) में उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय की ओर से एक महत्वपूर्ण अभिविन्यास कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालय द्वारा संचालित प्रमाणपत्र, डिप्लोमा, स्नातक एवं स्नातकोत्तर कार्यक्रमों के प्रचार-प्रसार के साथ-साथ परीक्षा संबंधी आवश्यक जानकारी को छात्र-छात्राओं तक पहुँचाना था।

कार्यशाला में **असिस्टेंट रीजनल डायरेक्टर अनिल कंडारी** ने उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि दूरस्थ शिक्षा प्रणाली का मुख्य लक्ष्य उन छात्रों को उच्च शिक्षा के अवसर प्रदान करना है जो किसी कारणवश नियमित महाविद्यालयों में उपस्थित नहीं हो पाते। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को प्रदेश के प्रत्येक कोने तक पहुँचाना विश्वविद्यालय का संकल्प है और यह कार्यशाला इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

द्वितीय सत्र में प्रो. डॉ. राकेश रयाल ने विश्वविद्यालय के **कुलपति प्रो. ओ. पी. एस. नेगी** के नेतृत्व में गठित विशेष टीम की सराहना करते हुए कहा कि यह कार्यशाला विश्वविद्यालय के उस उद्देश्य का प्रत्यक्ष उदाहरण है जिसके अंतर्गत शिक्षा को ग्रामीण व दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुँचाने का सतत प्रयास किया जा रहा है। छात्रों की उत्साहपूर्ण भागीदारी एवं उनकी जिज्ञासा इस अभियान की सफलता का प्रमाण है। अध्ययन केंद्र के समन्वयक सुनील दत्त शर्मा ने कहा कि हमारा उद्देश्य छात्रों को न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है, बल्कि उन्हें सही दिशा-निर्देश भी प्रदान करना है ताकि वे अपने शैक्षिक व व्यावसायिक लक्ष्यों को आसानी से प्राप्त कर सकें। उन्होंने बताया कि इस कार्यशाला के माध्यम से छात्रों को शिक्षा के नवीन अवसरों की जानकारी और उनकी शंकाओं का समाधान प्रदान किया गया।

कार्यशाला में सह-समन्वयक कमल सिंह नेगी, प्रभारी प्राचार्य डॉ. रवि कुमार, डा. शशिकला, प्रदीप कुमार, पूनम चौहान, गंभीर सिंह, मुकेश तोमर, रितेश चौहान सहित महाविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी व बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# साहिया कॉलेज में हिंदी विभागीय परिषद का गठन

**17 सितंबर 2024।** सरदार महिपाल राजेंद्र जनजातीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, साहिया के हिंदी विभाग में 17 सितंबर 2024 को विभागीय परिषद का गठन किया गया। यह परिषद वर्षभर विभाग की शैक्षणिक, सांस्कृतिक और साहित्यिक गतिविधियों के सफल संचालन के लिए जिम्मेदार रहेगी।

विभाग प्रभारी डॉ. शशिकला ने बताया कि परिषद के गठन का उद्देश्य हिंदी भाषा और साहित्य के प्रति छात्र-छात्राओं में रुचि और जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि परिषद के माध्यम से छात्रों को मंच और अवसर दोनों मिलेंगे, जिससे वे अपने विचार, लेखन और अभिव्यक्ति कौशल को निखार सकेंगे। साथ ही, यह कदम सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण तथा हिंदी भाषा के प्रसार में भी सहायक सिद्ध होगा।



गठन के दौरान कु. सुशीला (एम.ए. प्रथम सेमेस्टर) को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। कु. रेखा (बी.ए. तृतीय सेमेस्टर) को उपाध्यक्ष, आशीष वर्मा (बी.ए. पंचम सेमेस्टर) को सचिव, कु. मंजू (एम.ए. प्रथम सेमेस्टर) को सह-सचिव और कु. प्रतिमा (बी. ए. तृतीय सेमेस्टर) को कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई।

इसके अतिरिक्त, परिषद में पांच सहयोगी सदस्य भी शामिल किए गए निधि तोमर (बी.ए. तृतीय सेमेस्टर), सरिता (बी.ए. तृतीय सेमेस्टर), अंशिका तोमर (बी.ए. प्रथम सेमेस्टर), सपना (बी.ए. प्रथम सेमेस्टर) और शिवानी (बी.ए. प्रथम सेमेस्टर)।

इस अवसर पर कॉलेज के विभिन्न कक्षाओं के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे, जिनमें रुचिका चौहान, सुनीता, सुमन, मोनिका और मनोज विशेष रूप से शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन विभाग की ओर से उत्साहपूर्ण माहौल में किया गया और अंत में सभी नए पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई।

# एस.एम.आर. कॉलेज में भूगोल विभागीय परिषद का गठन




**20 सितंबर 2024।** सरदार महिपाल राजेंद्र जनजातीय पीजी कॉलेज, साहिया के भूगोल विभाग में विभागीय परिषद का गठन बड़े उत्साह और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। इस अवसर पर भूगोल विषय के विभिन्न सेमेस्टरों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत अपने प्रतिनिधियों का चयन किया।

निर्वाचन परिणामों के अनुसार याशिका (प्रथम सेमेस्टर) को अध्यक्ष, रविता (तृतीय सेमेस्टर) को उपाध्यक्ष, निहारिका (प्रथम सेमेस्टर) को सचिव, शुभम (पंचम सेमेस्टर) को सहसचिव और ऋषिता (प्रथम सेमेस्टर) को कोषाध्यक्ष के रूप में चुना गया। परिषद के सदस्य पदों पर नेहा, निकेश चौहान, सोनिया चौहान, अंबिका और आशीष का चयन हुआ।

भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ. रवि कुमार ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई दी और कहा कि यह परिषद विभाग के लिए एक मील का पत्थर सिद्ध होगी। उन्होंने कहा - "विभागीय परिषद का मुख्य उद्देश्य छात्रों और शिक्षकों के बीच संवाद, समन्वय एवं सहयोग को बढ़ावा देना है। यह मंच न केवल शैक्षणिक व शोध गतिविधियों को सशक्त करेगा, बल्कि छात्रों के नेतश्त्व, संगठन क्षमता और निर्णय लेने के कौशल को भी विकसित करेगा।"

मुख्य वक्ता एवं राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष रिंकूदास भारती ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में छात्रों से कहा कि वे शैक्षणिक, शोध एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाएं और भूगोल विषय के माध्यम से क्षेत्रीय व वैश्विक चुनौतियों के समाधान हेतु कार्य करें। उन्होंने छात्रों को विशेष रूप से क्षेत्रीय विकास, पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास जैसे मुद्दों पर शोध करने के लिए प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम में भूगोल विभाग के विद्यार्थियों नेहा, सरिता, काजल, रविता, मनीषा, सपना, निहारिका, रवीना, मिथुनी, राखी, प्रतिमा, रमेश, रेखा, कपिल सहित कई अन्य छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस पर साहिया कॉलेज में स्वच्छता अभियान का आयोजन

**24 सितंबर 2024।** सरदार महिपाल राजेंद्र जनजातीय पीजी कॉलेज, साहिया में आज राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस बड़े उत्साह और ऊर्जा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों और शिक्षकों ने मिलकर पूरे परिसर की सफाई कर 'स्वच्छ महाविद्यालय, स्वस्थ समाज' का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शशिकला के नेतृत्व में हुई। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि "स्वच्छता केवल हमारे आसपास के वातावरण की नहीं, बल्कि हमारे विचारों और जीवनशैली का भी अभिन्न अंग है। स्वच्छता अभियान का उद्देश्य युवाओं में सामाजिक चेतना, जिम्मेदारी और सेवा भाव को बढ़ावा देना है।"

इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक रिंकूदास भारती, आशा सिंह, रेखा, श्रीमती पूनम चौहान, डॉ. चंद्रिका, श्री प्रदीप कुमार, डॉ. रीना रांगड़ और वरुण प्रसाद सेमवाल सहित अनेक



शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। छात्र-छात्राओं में आशीष वर्मा, मनीष, तनीषा, अंशिका, सरिता, प्रमिला, रेखा आदि ने स्वच्छता अभियान में विशेष रूप से सक्रिय भागीदारी निभाई।

कार्यक्रम के अंत में सभी स्वयंसेवकों ने यह संकल्प लिया कि वे न केवल महाविद्यालय बल्कि अपने घर, मोहल्ले और गांवों में भी स्वच्छता का संदेश फैलाएंगे और इसे जीवन का नियमित हिस्सा बनाएंगे।

# 'लक्ष्योन्मुखी परिश्रम और करियर संभावनाओं' पर संगोष्ठी आयोजित

**25 सितम्बर 2024।** सरदार महिपाल राजेंद्र जनजातीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, साहिया में करियर काउंसलिंग समिति के तत्वावधान में "लक्ष्योन्मुखी परिश्रम और करियर संभावनाएं" विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर इसे सफल बनाया।

संगोष्ठी का शुभारंभ कार्यक्रम प्रभारी डॉ. रीना रांगड़ ने किया। उन्होंने स्वागत उद्बोधन में छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि करियर निर्माण में सबसे पहला कदम अपने लक्ष्य को स्पष्ट करना और उसके लिए योजनाबद्ध तरीके से परिश्रम करना है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी क्षमताओं की पहचान करने, करियर विकल्पों की विविधता समझने और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की सलाह दी।

मुख्य वक्ता, राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष श्री रिंकूदास भारती ने अपने विचार रखते हुए कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए छात्रों को प्रारंभ से ही स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित कर लेना चाहिए। उन्होंने लक्ष्योन्मुखी परिश्रम, समय प्रबंधन और अनुशासित अध्ययन की महत्ता पर जोर देते हुए छात्रों को अपने सपनों को पूरा करने के लिए दृढ़ संकल्पित रहने की प्रेरणा दी।

समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष श्री प्रदीप कुमार ने रोजगार के बदलते परिदृश्य और करियर के नए अवसरों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा



कि किसी भी करियर क्षेत्र का चयन करते समय उसके सकारात्मक और नकारात्मक दोनों पहलुओं का मूल्यांकन करना आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को ऐसे क्षेत्रों में करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया, जहां प्रतिस्पर्धा के साथ-साथ सफलता की संभावना भी अधिक हो। कार्यक्रम में डॉ. शशिकला, डॉ. चंद्रिका, सुश्री आशा, सुश्री रेखा, श्रीमती पूनम चौहान, श्री वरुण सेमवाल सहित कई प्राध्यापक उपस्थित रहे। छात्र-छात्राओं में सोनिया, नेहा, आशीष, दिनेश आदि ने सक्रिय सहभागिता निभाई। संगोष्ठी के अंत में धन्यवाद ज्ञापन करते हुए डॉ. रीना रांगड़ ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन छात्रों को अपने लक्ष्य के प्रति जागरूक और करियर के प्रति गंभीर बनाते हैं।

# साहिया कॉलेज में तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज

**साहिया, 26 सितंबर 2024।** सरदार महिपाल राजेंद्र जनजातीय पी. जी. कॉलेज, साहिया में गुरुवार को तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ मशाल रैली के साथ हुआ। पिछले वर्ष के विजेता और चैम्पियन खिलाड़ियों रितिक तोमर, आशीष वर्मा, नरेश कुमार और अवंतिका ने मशाल थामकर उद्घाटन रैली में भाग लिया, जिससे पूरे परिसर में खेल भावना का माहौल बन गया।



प्रतियोगिता के पहले दिन खो-खो, गोला फेंक और चक्का फेंक जैसी स्पर्धाएं आयोजित की गई। क्रीड़ा प्रभारी रिंकूदास भारती ने बताया कि यह खेल महोत्सव 28 सितंबर तक चलेगा और समापन दिवस पर विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा।

प्राचार्या डॉ. रेनू गुप्ता ने खिलाड़ियों के जोश और प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। चेयरमैन अनिल सिंह तोमर ने कहा कि खेलकूद प्रतियोगिताएं छात्रों के सर्वांगीण विकास की कुंजी हैं और महाविद्यालय ऐसे आयोजनों से प्रतिभाओं को निखारने का कार्य करता है।

इस अवसर पर डॉ. रवि कुमार, डॉ. शशिकला, डॉ. रीना रांगड़, डॉ. चंद्रिका, सुश्री आशा सिंह, सुश्री रेखा, सुश्री पूजा पांडेय, श्री प्रदीप कुमार, श्री वरुण प्रसाद सेमवाल, सुनील शर्मा, गम्भीर सिंह, रितेश चौहान, मुकेश तोमर, रितिका चौहान, पुलमा पंवार, सुनीता, अनीता सहित अनेक शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। खिलाड़ियों में आशीष, सचिन, रितेश, हरीश, निहारिका, रेखा, काजल, अवंतिका, रमेश, नरेश, नेहा, याशिका, रविता, मनीषा, मानसी, अंशिका तोमर आदि ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

# तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

**साहिया, 28 सितंबर 2024।** सरदार महिपाल राजेंद्र जनजातीय पीजी कॉलेज, साहिया में तीन दिवसीय महाविद्यालय स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन शनिवार को विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण के साथ हुआ। अंतिम दिन लंबी कूद, चक्का फेंक, कबड्डी और वॉलीबॉल की रोमांचक स्पर्धाएं आयोजित की गई, जिनमें खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया।

**लंबी कूद**- बालक वर्ग- प्रथम - शुभम सिंह (बीए प्रथम सेमेस्टर), द्वितीय - नरेश कुमार (एमए राजनीति विज्ञान), तृतीय - हरीश रावत (बीए पंचम सेमेस्टर)

बालिका वर्ग- प्रथम- शालू (बीए प्रथम वर्ष), द्वितीय -गीता (बीए प्रथम सेमेस्टर), तृतीय - ममता (बीए तृतीय सेमेस्टर)

**चक्का फेंक** (बालक वर्ग)

प्रथम- दिव्यांशु तोमर, द्वितीय- अशुल, तृतीय- मनदीप

**वॉलीबॉल**

बालक वर्ग - **सुमित तोमर** एवं टीम विजेता

बालिका वर्ग - **शालू** एवं टीम विजेता

समापन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व खेल मंत्री नारायण सिंह राणा ने विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी, मेडल और प्रमाणपत्र प्रदान किए। उन्होंने कहा कि युवाओं को खेलकूद में आगे बढ़ने के अवसर देने चाहिए और खेल जीवन में अनुशासन, संकल्प और सफलता की राह खोलते हैं। प्रभारी प्राचार्य डॉ. रवि कुमार ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। पूर्व सूचना अधिकारी भारत चौहान ने जौनसार-बावर की प्रतिभाओं की सराहना करते हुए खेलकूद प्रतियोगिताओं को "स्वर्णिम अवसर" बताया। वरिष्ठ निर्णायक रणवीर सिंह तोमर ने राज्य सरकार की खिलाड़ियों के लिए चलाई जा रही योजनाओं और छात्रवृत्तियों की जानकारी दी। चेयरमैन अनिल सिंह तोमर ने कहा कि यह प्रतियोगिता छात्रों की खेल प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न खेलों में उत्साहपूर्वक भागीदारी हुई। क्रीड़ा प्रभारी रिंकूदास भारती ने धन्यवाद ज्ञापन देते हुए बताया कि तीन दिनों में खो-खो, वाफलीबॉल, भाला फेंक, चक्का फेंक, 100 व 200 मीटर दौड़ सहित कई खेल आयोजित हुए।

इस अवसर पर निर्णायक मंडल के सदस्य रणवीर सिंह तोमर, नरेंद्र सिंह नेगी, नरेंद्र सिंह चौहान, जवाहर दत्त शर्मा उपस्थित रहे और उत्कृष्ट खिलाड़ियों का चयन अंतर-महाविद्यालयी प्रतियोगिता के लिए किया गया। कार्यक्रम में इंटर कॉलेज साहिया के प्राचार्य जे. एस. बंगारी, डॉ. शशिकला, डॉ. रीना रांगड़, डॉ. चंद्रिका, आशा सिंह, रेखा, वरुण प्रसाद सेमवाल सहित अनेक शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## पूर्व खेल मंत्री नारायण सिंह राणा ने विजेताओं को किया सम्मानित




# संस्कृत विभाग में विभागीय परिषद का गठन

**05 अक्टूबर 2024।** सरदार महिपाल राजेंद्र जनजातीय पी.जी. कॉलेज, साहिया के संस्कृत विभाग में विभागीय परिषद का गठन उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। इस परिषद का उद्देश्य विभागीय शैक्षिक, सांस्कृतिक और साहित्यिक गतिविधियों का संचालन करना और छात्र-छात्राओं की प्रतिभा को मंच प्रदान करना है। विभाग प्रभारी डॉ. चन्द्रिका ने परिषद के गठन की घोषणा करते हुए कहा कि इससे संस्कृत भाषा एवं साहित्य के संरक्षण, संवर्धन और प्रचार-प्रसार को नई दिशा मिलेगी। साथ ही, यह कदम छात्रों के व्यक्तित्व विकास में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि परिषद आने वाले शैक्षिक वर्ष में अनेक रचनात्मक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सफल आयोजन करेगी। चुनाव में सरिता (बी.ए. तृतीय सेमेस्टर) को अध्यक्ष, ममता चौहान (बी.ए. पंचम सेमेस्टर) को उपाध्यक्ष, रविना (बी.ए. प्रथम सेमेस्टर) को सचिव, रेखा (बी.ए. तृतीय सेमेस्टर) को सह सचिव और मोनिका (बी.ए. प्रथम सेमेस्टर) को कोषाध्यक्ष चुना गया। परिषद में सहयोगी सदस्य के रूप में पाँच अन्य छात्र-छात्राओं का भी चयन किया गया।



# साहिया कॉलेज में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया शिक्षक दिवस




**5 सितंबर 2024।** सरदार महिपाल राजेंद्र जनजातीय पी.जी. कॉलेज साहिया में शिक्षक दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं मंत्रोच्चारण के साथ हुआ। तत्पश्चात शिक्षकों द्वारा भारत के द्वितीय राष्ट्रपति एवं महान दार्शनिक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की गई।

महाविद्यालय के अध्यक्ष अनिल सिंह तोमर ने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षक समाज के पथप्रदर्शक होते हैं और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में उनकी भूमिका अमूल्य है। हिंदी विभाग की प्राध्यापिका डॉ. शशिकला ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व और अध्यापक-विद्यार्थी के मधुर संबंधों पर प्रकाश डाला।

राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष रिंकूदास भारती ने कहा कि छात्र और शिक्षक एक-दूसरे के पूरक हैं और शिक्षण प्रक्रिया की सफलता के लिए दोनों के बीच पारस्परिक समन्वय आवश्यक है। उन्होंने डॉ. राधाकृष्णन को भविष्यद्रष्टा, विचारक और क्रांतिकारी शिक्षाविद् बताते हुए कहा कि छात्रों को उनके व्यक्तित्व से प्रेरणा लेनी चाहिए।

कार्यक्रम का समापन प्रभारी प्राचार्य डॉ. रवि कुमार के प्रेरणादायक वक्तव्य के साथ हुआ। उन्होंने विद्यार्थियों को आदर्श विद्यार्थी के गुणों और मानवीय मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर शिक्षकों द्वारा सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया गया, वहीं छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों के सम्मान में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. राधाकृष्णन को याद करते हुए केक काटा गया। कार्यक्रम का संचालन काजल, सोनिया, रेनू, निकिता, रेखा, प्रमिला, सरिता, हरीश, मनोज और मोहित ने किया।

कार्यक्रम संयोजिका डॉ. चंद्रिका एवं सहसंयोजिका सुश्री रेखा, आशा सिंह, पूनम चौहान, पूजा पांडे, प्रदीप कुमार, रिंकूदास भारती, वरुण सेमवाल, सुनील शर्मा, रितेश चौहान, मुकेश तोमर, गंभीर सिंह चौहान, रीतिका चौहान सहित अनेक गणमान्य लोग एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# एस.एम.आर. जनजातीय (पीजी) कॉलेज में मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित




**19 अक्टूबर 2024।** सरदार महिपाल जनजातीय पीजी कॉलेज, साहिया में अतिरिक्त शैक्षणिक क्रियाकलाप समिति के तत्वावधान में करवा चौथ के उपलक्ष्य में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं के साथ क्षेत्र की विवाहित महिलाओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और मेहंदी कला के सुंदर नमूने प्रस्तुत किए।

निर्णायक मंडल में आशा सिंह, डॉ. चंद्रिका और प्रदीप कुमार शामिल रहे। परिणामों के अनुसार बी.ए. प्रथम सेमेस्टर की ऋषिता ने प्रथम स्थान, बी.ए. पंचम सेमेस्टर की साक्षी ने द्वितीय स्थान और अमीषा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

महाविद्यालय के चेयरमैन अनिल सिंह तोमर ने प्रतिभागियों की सराहना करते हुए विजेताओं को शुभकामनाएं दीं। समिति प्रभारी रेखा ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक होती हैं।

कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य डॉ. रवि कुमार, सहायक प्राध्यापक रिंकूदास भारती, प्रदीप कुमार, वरुण प्रसाद सेमवाल, डॉ. रीना रांगड़, पूनम चौहान सहित अनेक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों ने चलाया स्वच्छता अभियान




**02 अक्टूबर 2024।** एस.एम.आर. जनजातीय पी.जी. कॉलेज, साहिया में गांधी जयंती और लाल बहादुर शास्त्री जयंती के उपलक्ष्य में श्रद्धांजलि, शपथ ग्रहण एवं स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के सभी शिक्षक, शिक्षणेतर कर्मचारी और छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि देने से हुई। राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष श्री रिंकूदास भारती ने गांधी जी के जीवन और उनके विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे राष्ट्रीय आंदोलन के प्रणेता थे और सत्य, अहिंसा एवं सत्याग्रह के सिद्धांतों को अपने जीवन में सफलतापूर्वक अपनाकर विश्व के सामने अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने विद्यार्थियों को गांधी जी के व्यक्तित्व से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

प्रभारी प्राचार्य डॉ. रवि कुमार ने अपने वक्तव्य में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी के राष्ट्र निर्माण में योगदान को रेखांकित किया। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ. शशिकला ने सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इसके पश्चात वीर योद्धा नन्तराम नेगी जी के शौर्यस्थल, कृषि मंडी एवं खेल मैदान में स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें फैले कचरे का संग्रहण कर उचित निस्तारण किया गया। नेहरू युवा केन्द्र संगठन के सदस्य अमित कोहली ने स्वच्छता जागरूकता के महत्व पर चर्चा की। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक डॉ. रीना राँगड़, डॉ. चंद्रिका, प्रदीप कुमार, रेखा, आशा सिंह, वरुण प्रसाद सेमवाल, पूजा पांडेय, गंभीर सिंह, रितेश चौहान, मुकेश तोमर तथा छात्र-छात्राओं में आशीष, सचिन, हरीश, अजीत सिंह चौहान, काजल, रेखा, रवीना, रेनू तोमर, अंशिका, मोनिका, निहारिका, आंचल बिष्ट, दिनेश चौहान, मनीष चौहान, रमेश, मोहित राणा, प्रमिला, प्रतिमा, बालमा आदि उपस्थित रहे।

## समाजशास्त्र, अंग्रेजी, इतिहास एवं राजनीति विज्ञान विभागीय परिषदों का गठन



**09 अक्टूबर 2024।** सरदार महिपाल राजेन्द्र जनजातीय पी.जी. कॉलेज, साहिया में समाजशास्त्र, अंग्रेजी, इतिहास एवं राजनीति विज्ञान विभागों की विभागीय परिषदों का गठन किया गया। छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए सर्वसम्मति से अपने प्रतिनिधियों का चयन किया।

**समाजशास्त्र विभाग** में अध्यक्ष उषा, उपाध्यक्ष मिथुनी, सचिव मनीषा, सहसचिव मानसी, कोषाध्यक्ष आंचल, तथा सदस्य अंशिका नेगी, निहारिका, मनीष, दिनेश और हेमंत चुने गए।

**अंग्रेजी विभाग** में अध्यक्ष अंबिका तोमर, उपाध्यक्ष शिवानी, सचिव निखिल कुमार, सहसचिव सनिता, कोषाध्यक्ष प्रीति, तथा सदस्य रविता, प्रमिला, कविता, याशिका और अमीषा बने।

**इतिहास विभाग** में अध्यक्ष सोनिया, उपाध्यक्ष ऐश्वर्या राठौड़, सचिव नेहा, सहसचिव अल्पना जोशी, कोषाध्यक्ष कविता, तथा सदस्य अंशिका, आंचल, मनीष चौहान, सविता और अंजू चुने गए।

**राजनीति विज्ञान विभाग** में अध्यक्ष सानिया तोमर, उपाध्यक्ष पुष्पा, सचिव अजीत सिंह चौहान, सहसचिव सौम्या, कोषाध्यक्ष अंजलि चौहान, तथा सदस्य काजल, गीता, रेनू, आंचल और प्रमिला चयनित हुए।

समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रदीप कुमार ने कहा कि परिषद छात्रों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ते हुए सामाजिक, सांस्कृतिक और वैचारिक समझ को बढ़ाएगी। राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष रिंकूदास भारती के अनुसार, इस पहल से छात्रों की शैक्षणिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी और सर्वांगीण विकास संभव होगा। इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. रीना रांगड़ ने छात्रों को परिषद की गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष रेखा ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी।

इस अवसर पर सचिन, कपिल, अंकित, रमेश, पंकज, सोनिया, काजल, रेखा, रवीना, अजीत सिंह चौहान, गीता, अंबिका, निहारिका, अंजू, ऐश्वर्या, रेनू तोमर, दीक्षा तोमर, निधि, वंशिका चौहान, शुभम, रितिक तोमर आदि छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



## गृह विज्ञान, अर्थशास्त्र एवं बी.लिब. विभागीय परिषद का गठन

**14 अक्टूबर 2024।** सरदार महिपाल राजेंद्र जनजातीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, साहिया में गृह विज्ञान, अर्थशास्त्र एवं बी.लिब. विभागों की विभागीय परिषदों का गठन किया गया। ये परिषदें वर्षभर विभागीय गतिविधियों और कार्यक्रमों के सफल संचालन के साथ छात्रों और शिक्षकों के बीच संवाद, समन्वय और सहयोग को बढ़ावा देंगी।

**गृह विज्ञान विभागीय परिषद** में अध्यक्ष सनीता, उपाध्यक्ष उर्मिला, सचिव काजल, सहसचिव शिवानी, कोषाध्यक्ष प्रियंका तथा सदस्य अनुष्का, सविता, ममता, सुमन और अंशिका तोमर चुनी गई।

**अर्थशास्त्र विभागीय परिषद** में अध्यक्ष शुभम वर्मा (बी.ए. पंचम सेमेस्टर), उपाध्यक्ष रिया डिमरी (बी.ए. तृतीय सेमेस्टर), सचिव कल्पना (बी.ए. प्रथम सेमेस्टर), सहसचिव दीक्षा नेगी (बी.ए. प्रथम सेमेस्टर) और कोषाध्यक्ष गीता (बी.ए. प्रथम सेमेस्टर) का चयन हुआ। साथ ही पाँच अन्य सदस्यों का भी चुनाव किया गया। अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष वरुण प्रसाद सेमवाल ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि यह परिषद आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देने के साथ-साथ छात्रों के सर्वांगीण विकास, नेतृत्व क्षमता और निर्णय लेने की योग्यता को प्रोत्साहित करेगी।

**बी.लिब. विभागीय परिषद** में अध्यक्ष शुभम किशोर, उपाध्यक्ष रितिका चौहान, सचिव रेनू तोमर, सहसचिव निकिता और कोषाध्यक्ष रिया आर्य चुनी गई। साथ ही पाँच अन्य सदस्यों का भी चयन हुआ। बी.लिब. विभागाध्यक्ष पूनम चौहान ने पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए विभागीय परिषद की वर्षभर चलने वाली गतिविधियों के महत्व पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर गृह विज्ञान, अर्थशास्त्र और बी.लिब. विभाग के सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## भूगोल विभाग के छात्र-छात्राओं का कोटी इछाड़ी बांध एवं छिबरौ पावर हाउस का शैक्षिक भ्रमण

**18 अक्टूबर 2024।** सरदार महिपाल राजेंद्र जनजातीय (पी.जी.) कॉलेज, साहिया के भूगोल विभाग द्वारा 18अक्टूबर 2024 को कोटी इछाड़ी बांध एवं छिबरौ पावर हाउस का शैक्षिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को परंपरागत व गैर-परंपरागत संसाधनों की जानकारी देना तथा क्षेत्रीय जल संसाधनों और जल विद्युत परियोजनाओं की कार्यप्रणाली से अवगत कराना था। भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राओं ने कोटी इछाड़ी बांध की संरचना, जल संग्रहण क्षमता और सिंचाई पर इसके प्रभाव के बारे में विस्तार से अध्ययन किया। छिबरौ पावर हाउस में उन्होंने जल विद्युत उत्पादन की प्रक्रिया, टर्बाइन संचालन तथा बिजली उत्पादन की तकनीकी बारीकियों को समझा। पावर हाउस के विशेषज्ञों ने छात्रों के साथ संवाद कर उनके प्रश्नों के उत्तर दिए, जिससे उनके तकनीकी ज्ञान में वृद्धि हुई। भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ. रवि कुमार ने कहा कि इस प्रकार के शैक्षिक भ्रमण छात्रों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान करते हैं और उन्हें प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग एवं संरक्षण के महत्व से परिचित कराते हैं। छात्रों ने भी इस अनुभव को अत्यंत ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक बताया।

इस अवसर पर भूगोल विभाग की कनिष्ठ सहायक श्रीमती रीता तोमर, जे.ई. किशोर सिंह ऐरी, कर्मचारी दर्शन सिंह सहित विभाग के अनेक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।






किसी की निंदा ना करें, अगर आप मदद के लिए हाथ बढ़ा सकते हैं, तो जरुर बढाएं। अगर नहीं बढ़ा सकते, तो अपने हाथ जोड़िये, अपने भाइयों को आशीर्वाद दीजिये, और उन्हें उनके मार्ग पे जाने दीजिये।


# एसएमआर कॉलेज को कबड्डी प्रतियोगिता की मेजबानी का गौरव

**6 अक्टूबर 2024।** श्री देव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतर- महाविद्यालय खेल प्रतियोगिताओं में इस वर्ष पहली बार कबड्डी को शामिल किया गया और इस ऐतिहासिक अवसर के लिए सरदार महिपाल राजेंद्र जनजातीय पी.जी. कॉलेज, साहिया को मेजबानी का अवसर प्राप्त हुआ। यह आयोजन 26 और 27 अक्टूबर 2024 को होगा, जिसमें विभिन्न कॉलेजों की टीमें अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी।

कॉलेज प्रशासन और छात्रों में इस जिम्मेदारी को लेकर विशेष उत्साह है। खेल आयोजकों का मानना है कि ऐसे आयोजन छात्रों में खेलों के प्रति रुचि बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें अपनी क्षमताओं को निखारने का मंच प्रदान करते हैं।गढ़वाल मंडल के सबसे बड़े विश्वविद्यालय, श्री देव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय, से जुड़े 200 से अधिक कॉलेजों में इस प्रतियोगिता को लेकर उत्सुकता है। विश्वविद्यालय स्तर पर कबड्डी को पहली बार स्थान मिलने से खेल को नई पहचान और सम्मान मिलेगा।

विश्वविद्यालय के खेल सचिव द्वारा जारी पत्र के अनुसार, इस वर्ष की प्रतियोगिताओं में कबड्डी को शामिल करने का उद्देश्य खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करना और उन्हें बड़े स्तर पर प्रतिस्पर्धा का अवसर देना है। जो महाविद्यालय इस प्रतियोगिता में भाग लेना चाहते हैं, उन्हें 22 अक्टूबर 2024 तक अपना पंजीकरण कराना अनिवार्य है।

यह आयोजन न केवल खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत होगा, बल्कि विश्वविद्यालय के खेल प्रबंधन के लिए भी एक नई शुरुआत साबित होगा, जो भविष्य में और बड़े खेल आयोजनों का मार्ग प्रशस्त करेगा।





## अंतर-महाविद्यालयी कबड्डी प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ

**26 अक्टूबर 2024।** सरदार महिपाल राजेन्द्र जनजातीय पी.जी. कॉलेज, साहिया में श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय की अंतर-महाविद्यालयी कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का आरंभ दीप प्रज्ज्वलन और मंत्रोच्चारण के साथ किया गया, जिसके पश्चात छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई।

मुख्य अतिथि, चकराता विधानसभा के विधायक श्री प्रीतम सिंह ने खेल ध्वज फहराया और खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर आयोजक महाविद्यालय के छात्र रितिक तोमर ने प्रतिभागियों को खेल शपथ दिलाई। तत्पश्चात मुख्य अतिथि ने प्रतियोगिता के विधिवत आरंभ की घोषणा की। महाविद्यालय के चेयरमैन श्री अनिल सिंह तोमर ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों और सभी टीम प्रभारियों का स्वागत करते हुए विश्वविद्यालय का आभार व्यक्त किया। संध्याकाल में विकासनगर विधानसभा के विधायक श्री मुन्ना सिंह चौहान विशेष अतिथि के रूप में पधारे। उन्होंने विभिन्न जिलों से आई टीमों को अनुशासनपूर्वक खेल में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

क्रीड़ा प्रभारी श्री रिंकूदास भारती ने बताया कि पहले दिन पुरुष व महिला, दोनों वर्गों में मुकाबले शुरू हुए। पुरुष वर्ग का उद्घाटन मैच साहिया और डीडी कॉलेज, देहरादून के बीच खेला गया, जिसमें साहिया ने विजय प्राप्त की। महिला वर्ग का पहला मुकाबला साहिया और पं. ललित मोहन शर्मा परिसर, ऋषिकेश के बीच हुआ, जिसमें साहिया ने जीत दर्ज की। प्रतियोगिता में कुल 31 टीमों का पंजीकरण हुआ है और यह 26-27अक्टूबर तक चलेगी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के क्रीड़ा सचिव डॉ. पुष्कर गौड़, क्रीड़ा परिषद सदस्य डॉ. जितेन्द्र सिंह, डॉ. हीरा डुंगरियाल, विश्वविद्यालय पर्यवेक्षक नितिन कुमार, पूर्व ब्लॉक प्रमुख दयाराम चौहान, महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रेनू गुप्ता तथा डॉ. रवि कुमार उपस्थित रहे। डॉ. गौड़ ने अपने उद्बोधन में लंबे अंतराल के बाद आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता को सराहते हुए आयोजकों व प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं।

# साहिया कॉलेज के छात्रों ने रेशम उद्योग की बारीकियां सीखीं



**7 नवंबर 2024।** सरदार महिपाल राजेंद्र जनजातीय पीजी कॉलेज, साहिया के गृह विज्ञान विभाग के पंचम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने आज रेशम विभाग का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को रेशम उत्पादन की संपूर्ण प्रक्रिया से अवगत कराना था। जिसमें रेशम के कीड़ों की देखरेख, धागा निकालना, कताई, रंगाई और बुनाई जैसे चरण शामिल हैं।

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने रेशम उत्पादन की तकनीकी और कलात्मक दोनों ही पहलुओं को नजदीक से समझा। उन्होंने रेशम के धागों की गुणवत्ता पहचानने, उन्हें धागों में बदलने की विधि, और विभिन्न प्रकार के रेशमी वस्त्रों के निर्माण के तौर-तरीकों का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। इस जटिल और रोचक प्रक्रिया ने छात्रों में गहरी रुचि और उत्साह पैदा किया।

विद्यार्थियों ने यह भी जाना कि रेशमी वस्त्रों की मांग किस प्रकार बढ़ती है, उन्हें विविध रंगों और डिजाइनों में कैसे ढाला जाता है, और बाजार में उनकी क्या अहमियत है। इस शैक्षणिक भ्रमण ने छात्रों को न केवल तकनीकी ज्ञान प्रदान किया, बल्कि उन्हें उद्योग की वास्तविक कार्यप्रणाली से भी जोड़ा, जो उनके गृह विज्ञान अध्ययन में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा

इस भ्रमण में सपना, उर्मिला, रवीना, अनुष्का, पिंकी चौहान, सुनीता, वरिष्ठ वैज्ञानिक एस.एस. चौहान, सीनियर टेक्निकल असिस्टेंट फरीद अहमद, प्रताप सिंह चौहान, हंसराज, सुरेश कुमार, शिव सिंह भंडारी और सुनील शर्मा सहित अन्य प्रतिभागी शामिल रहे।

## उत्तराखण्ड राज्य स्थापना दिवस

# 'उत्तराखण्ड : कल और आज' विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित

**दिनांक: 9 नवंबर 2024।** सरदार महिपाल राजेंद्र जनजातीय (पी.जी.) कॉलेज, साहिया में उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत उत्तराखंड पृथक राज्य आंदोलन पर आधारित डॉक्यूमेंट्री (लघु फिल्म) के प्रदर्शन से हुई, जिसने छात्रों को राज्य आंदोलन के इतिहास और संघर्ष की याद दिलाई।

इसके पश्चात **'उत्तराखंड : कल और आज'** विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रतिभागियों ने उत्तराखंड के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, सामाजिक और आर्थिक पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए राज्य के उज्ज्वल भविष्य की परिकल्पना भी रखी।

महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. शशिकला ने सभी को राज्य स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं की सराहना की और विजेताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में जागरूकता और अभिव्यक्ति की क्षमता को बढ़ाती हैं।

कार्यक्रम संयोजक प्रदीप कुमार ने उत्तराखंड राज्य के गठन में बलिदान देने वाले सभी अमर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी और सभी को स्थापना दिवस की बधाई दी।

इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक वरुण प्रसाद, रेखा, पूनम चौहान, पूजा पांडेय, एवं छात्र-छात्राएं याशिका, अंबिका, काजल, निशा, अंकिता, आशीष, प्रीति, आंचल, अल्पना, प्रतिमा, ऐश्वर्या, सुशीला आदि उपस्थित रहे।



# राजभवन में आयोजित 'जनजाति गौरव दिवस' कार्यक्रम में शामिल हुए साहिया कॉलेज के छात्र

**9 नवंबर 2024।** जनजातीय गौरव दिवस एवं झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर सरदार महिपाल राजेंद्र जनजातीय पीजी कॉलेज, सहिया के छात्रों ने पारंपरिक वेशभूषा में प्रतिभाग कर जनजातीय समाज की संस्कृति और परंपराओं का मान बढ़ाया। इस मौके पर महाविद्यालय की छात्रा पूजा द्वारा बनाया गया हस्तनिर्मित रेखा चित्र राज्यपाल गुरमीत सिंह को महाविद्यालय के चेयरमैन अनिल सिंह तोमर और प्रबंधन समिति के सदस्य भारत चौहान की उपस्थिति में भेंट किया गया।




इस कार्यक्रम में एसएमआर पीजी कॉलेज साहिया के 50 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। इस अवसर पर सुनील शर्मा, कमल नेगी, गंभीर चौहान, डॉ. शशिकला, डॉ. रीना रागड़, सुनीता सहित उपस्थित रहे।

# साहिया कॉलेज के तीन छात्र खेलेंगे नॉर्थ जोन कबड्डी प्रतियोगिता

**12 नवम्बर 2024।** सरदार महिपाल राजेन्द्र जनजातीय (पी.जी.) कॉलेज, साहिया के तीन प्रतिभाशाली छात्रों का चयन श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय की कबड्डी टीम में हुआ है। क्रीड़ा प्रभारी रिंकूदास भारती ने जानकारी दी कि महाविद्यालय के छात्र गोविन्द चौहान, प्रियांशु नेगी एवं अभिनव शर्मा का चयन अंतर-विश्वविद्यालयीय नॉर्थ जोन कबड्डी प्रतियोगिता के लिए किया गया। यह प्रतियोगिता 13 से 16 नवम्बर 2024 तक लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू), फगवाड़ा, जालंधर में आयोजित होगी।




विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त टीम मैनेजर डॉ. रवि कुमार के नेतृत्व में 12 सदस्यीय टीम एलपीयू पहुँची। डॉ. कुमार ने बताया कि टीम का पहला मुकाबला बुधवार शाम गुरुग्राम विश्वविद्यालय के साथ खेला जाएगा।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रेनू गुप्ता ने कहा कि विश्वविद्यालय टीम में महाविद्यालय के तीन छात्रों का चयन होना गौरव की बात है। उन्होंने चयनित खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई दी। महाविद्यालय के चेयरमैन अनिल सिंह तोमर ने भी चयनित छात्रों को बधाई देते हुए प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन की शुभकामनाएँ दीं।

जनजाति छात्राओं को प्रवेश शुल्क में 15 प्रतिशत की विशेष छूट

**उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय**

**विशेष अध्ययन केन्द्र कोड 11130**
**सरदार महिपाल राजेन्द्र जनजातीय (पीजी) कॉलेज**
**साहिया, देहरादून**

साहिया: 9719491931
विकासनगर: 9758659900
देहरादून: 9759491934

# साहिया महाविद्यालय ने अंतर–महाविद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता में किया ऐतिहासिक प्रदर्शन




**13 नवंबर 2024।** श्री देव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय के अंतर्गत आयोजित अंतर–महाविद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता में सरदार महिपाल राजेंद्र जनजातीय पीजी कॉलेज, साहिया ने इतिहास रचते हुए शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का आयोजन चमन लाल महाविद्यालय, लंढौरा (हरिद्वार) में हुआ, जहाँ विभिन्न महाविद्यालयों के पहलवानों ने अपनी शक्ति, तकनीक और धैर्य का बेहतरीन प्रदर्शन किया। साहिया महाविद्यालय के तीन पहलवानों ने अपने–अपने वजन वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवांवित किया।

हर्षित तोमर 61 किलोग्राम वर्ग में उत्कृष्ट तकनीक और दृढ़ संकल्प के बल पर प्रथम स्थान।

**सचिन कुमार** 63 किलोग्राम वर्ग में शानदार खेल से प्रथम स्थान।

**विशु तोमर** 67 किलोग्राम वर्ग में दमदार प्रदर्शन कर प्रथम स्थान।

इन तीनों विजेताओं की सफलता पर महाविद्यालय के चेयरमैन अनिल सिंह तोमर ने उन्हें हार्दिक बधाई देते हुए कहा, इन होनहार खिलाड़ियों ने अपने कठिन परिश्रम और लगन से महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। उनकी सफलता आने वाले समय में अन्य विद्यार्थियों को भी खेलों में उत्कृष्टता प्राप्त करने की प्रेरणा देगी।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रेनू गुप्ता ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि यह जीत छात्रों की मेहनत, अनुशासन और महाविद्यालय के उत्कृष्ट प्रशिक्षण का परिणाम है। उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस ऐतिहासिक जीत से साहिया महाविद्यालय न केवल विश्वविद्यालय स्तर पर बल्कि पूरे क्षेत्र में चर्चा का केंद्र बन गया है।भ्रमण में काजल, रेनू, हरीश, अजीत, आशीष, सचिन, ऐश्वर्या, पूजा, याशिका, अंबिका, सोनिया, ऋषिता, निधि, खुशी, आंचल, हिमांशी, कल्पना, अदिति, मोनिका, मंजू, दिनेश, प्रमिला, ममता, रिया, शिवानी, रविता, गीता, मिथुनी, अंकिता, सुशीला और पिंकी सहित कई छात्र–छात्राएं शामिल रहे।

## शिक्षाशास्त्र विभाग द्वारा "मार्गदर्शन और परामर्श" विषय पर विशेष कार्यशाला



**29 दिसम्बर 2024।** सरदार महिपाल राजेंद्र जनजातीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, साहिया के शिक्षाशास्त्र विभाग द्वारा "मार्गदर्शन और परामर्श" विषय पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र–छात्राओं को शिक्षा, करियर, मानसिक स्वास्थ्य और जीवन कौशल के क्षेत्र में सही दिशा प्रदान करना था।

मुख्य वक्ता डॉ. कुलदीप सिंह, सहायक प्राध्यापक (शिक्षाशास्त्र), राजकीय महाविद्यालय मौरी ने अपने संबोधन में कहा कि बदलते सामाजिक और शैक्षिक परिवेश में छात्रों के लिए केवल करियर की योजना बनाना पर्याप्त नहीं है। उन्हें मानसिक और भावनात्मक संतुलन बनाए रखने के लिए भी निरंतर मार्गदर्शन और परामर्श की आवश्यकता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि समय–समय पर उचित दिशा–निर्देश छात्रों की समग्र भलाई और व्यक्तित्व विकास के लिए आवश्यक है।

विभागाध्यक्ष सुश्री आशा ने कहा कि प्रत्येक छात्र की रुचि और क्षमता को समझकर ही उन्हें सही दिशा दी जा सकती है। परामर्श की प्रक्रिया को उन्होंने छात्रों के जीवन का अनिवार्य हिस्सा बताते हुए इस पर अधिक ध्यान देने का आग्रह किया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के चेयरमैन अनिल सिंह तोमर, मुख्य वक्ता डॉ. कुलदीप सिंह, विभागाध्यक्ष सुश्री आशा, अवधेश बिजलवाण सहित शिक्षाशास्त्र विभाग के छात्र–छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# साहिया कॉलेज के छात्राओं ने किया भारतीय वन अनुसंधान संस्थान का शैक्षिक भ्रमण



**18 नवंबर 2024।** एसएमआर जनजातीयपीजी कालेज साहिया की छात्राओं ने भारतीय वन अनुसंधान संस्थान (एफआरआइ) देहरादून का शैक्षिक भ्रमण किया। इस दौरान 50 छात्राएं पारंपरिक जौनसारी वेशभूषा में सज्जित होकर संस्थान पहुंचीं। उन्होंने वन अनुसंधान से संबंधित पांच संग्रहालयों का अवलोकन कर महत्वपूर्ण जानकारियां हासिल की।

निरंजन भारद्वाज व शुभम सिंह ने गाइड की भूमिका निभाई। उन्होंने सभी छात्राओं को पांचों संग्रहालयों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी। भ्रमण के दौरान छात्राओं ने वन संरक्षण, उनके उपयोग और वनस्पतियों के महत्व को गहराई से समझा। संग्रहालयों में प्रदर्शित दुर्लभ वनस्पतियों, वन उत्पादों और उनकी उपयोगिता से जानकारी दी गई। छात्राओं ने एफआरआइ के ऐतिहासिक भवन और उसकी वास्तुकला के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। कालेज चेयरमैन अनिल सिंह तोमर ने कहा कि ऐसे शैक्षिक भ्रमण छात्र छात्राओं को न केवल विषय विशेष में दक्षता प्रदान करते हैं, बल्कि उनकी सोच और समझ को भी व्यापक बनाते हैं। इस अवसर पर भ्रमण में काजल, रेनू, हरीश, अजीत आशीष, सचिन, ऐश्वर्या, पूजा, याशिका, अंबिका, सोनिया, ऋषिता, निधि, खुशी, आंचल, हिमांशी, कल्पना, अदिति, मोनिका, मंजू, सोनिया, दिनेश, प्रमिला, ममता, रेनू, रिया, शिवानी, रविता, गीता, मिथुनी, ममता, अंकिता, सोनिया, सुशीला और पिंकी आदि छात्राएं शामिल रहीं।

# चित्रकला विभाग कैलीग्राफी लेखन प्रतियोगिता

**22 नवम्बर 2024।** सरदार महिपाल राजेंद्र जनजातीय पीजी कॉलेज सहिया देहरादून में शुक्रवार को चित्रकला विभाग के अंतर्गत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें चित्रकला विभाग के छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया, जिसमें पूजा ने प्रथम स्थान ग्रहण कर वाजी हासिल की। प्रतियोगिता में बी.ए. तृतीय सेमेस्टर कि पूजा प्रथम, वीए तृतीय सेमेस्टर के राजेश द्वितीय और बी.ए. तृतीय सेमेस्टर की निशा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

विभागाध्यक्ष सुश्री पूजा पाण्डेय ने बताया कि बच्चों में इस तरह की प्रतियोगिता से अपनी भारतीय संस्कृति की देवनागरी लिपि और अंग्रेजी की सुंदर लेखनी का भी अभ्यास होता है। इस प्रतियोगिता में बी.लिब. विभागाध्यक्ष पूनम चौहान व अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष वरुण सेमवाल ने निर्णायक की भूमिका निभाई। इस अवसर पर पलक, शिवानी, पूजा, आंचल, प्रमिला, सचिन, निशा, निधि, तनीषा आदि छात्र छात्राएं मौजूद रहे।




# हिन्दी विभाग की पोस्टर प्रतियोगिता में मनोज अव्वल



**20 नवंबर 2024।** एसएमआर जनजातीय पीजी कॉलेज साहिया में हिन्दी विभाग के तहत हुई पोस्टर प्रतियोगिता में एमएम प्रथम सेमेस्टर के मनोज प्रथम, बीएम पंचम सेमेस्टर के आशीष वर्मा दूसरे और एमए प्रथम वर्ष की सुशीला ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में हिन्दी विभाग के छात्र-छात्राओं ने उत्साहित होकर प्रतिभाग किया। विभागाध्यक्ष डॉ. शशिकला ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय महीनों के नामों तथा उनमें मनाए जाने वाले पर्वों की महत्ता से अवगत कराना था। पोस्टर प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय तथा क्षेत्रीय स्तर पर मनाए जाने वाले विविध धार्मिक एवं राष्ट्रीय पर्वो का सुंदर चित्रण किया। महाविद्यालय की चित्रकला विभागाध्यक्ष पूजा पांडे एवं संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ. चन्द्रिका ने प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका निभाई। इस अवसर पर रिया, रुचिका, सरिता, सोनिया, सुशीला, मंजू, नवीन, मनोज, आशीष, हरीश रावत, रेखा, प्रतिमा, ममता, सुनील आदि छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# इतिहास विभाग के छात्रों ने की जौनसार बावर के ऐतिहासिक स्थलों पर चर्चा



**22 नवंबर 2024।** सरदार महिपाल राजेंद्र जनजातीय (पीजी) कॉलेज साहिया में इतिहास विभाग की विभागीय परिषद की ओर से संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में जौनसार बावर के ऐतिहासिक स्थलों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में इतिहास विभाग के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न ऐतिहासिक स्थलों कालसी स्थित अशोक शिला लेख, लाखामंडल, महेंद्रथ, हनोल, मोईला टॉप, बुधेर गुफा, चकराता छावनी का इतिहास, साहिया में आयोजित होने वाले ऐतिहासिक मौण, लखवाड़ मंदिर तथा अपने-अपने गांव के ऐतिहासिक स्थलों पर विचार रखे। साथ ही ऐतिहासिक स्थलों से जुड़ी घटनाओं एवं जौनसार बावर के वैभवशाली इतिहास का स्मरण किया। इतिहास विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. रीना रांगड़ ने कहा कि इस संगोष्ठी का उद्देश्य समस्त छात्र-छात्राओं को जौनसार बावर के ऐतिहासिक स्थलों, जौनसार बाबर की समृद्ध संस्कृति तथा वैभवशाली इतिहास से परिचित कराना था। इस अवसर पर सोनिया, सचिन तोमर, अंजलि चौहान, रितु, अजय, रवीना, रमेश आदि उपस्थित रहे।

# नैचुरलिस्ट ट्रेनिंग में पहुँचे पदमश्री कल्याण सिंह रावत

**24 नवंबर, 2024।** सरदार महिपाल राजेन्द्र जनजातीय स्नातकोत्तर (पी.जी.) कॉलेज, साहिया में नैचुरलिस्ट ट्रेनिंग कार्यक्रम का पदमश्री कल्याण सिंह रावत ने विधिवत उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर यह ट्रेनिंग युवाओं के लिए महत्वपूर्ण है।

> ट्रेनिंग कार्यक्रम युवाओं को ईको टूरिज्म, वाइल्डलाइफ गाइडिंग और पर्यटन के क्षेत्र में नए अवसर प्रदान करने और उनकी कुशलता को निखारने के लिए आवश्यक -कल्याण सिंह

देशभर में मैती आंदोलन के जनक पदमश्री कल्याण सिंह रावत ने कहा कि यह प्रशिक्षण उत्तराखंड के युवाओं को ईको टूरिज्म, वाइल्डलाइफ गाइडिंग और पर्यटन के क्षेत्र में नए अवसर प्रदान करने और उनकी कुशलता को निखारने के लिए आयोजित किया गया है। इसमें युवाओं को मनोयोग से प्रतिभाग करना चाहिए जिससे वह ट्रेनिंग का लाभ लेकर अपने स्वरोजगार प्रारंभ कर सकें। उन्होंने कहा है कि पर्यावरण को बचाए रखना और पर्यावरण संतुलन के साथ रोजगार प्रारंभ करना यह वर्तमान समय की आवश्यकता है।

कार्यक्रम समन्वयक पंकज शर्मा ने कोर्स का परिचय और आइस-ब्रेकिंग सत्र आयोजित किया। उन्होंने प्रशिक्षण के उद्देश्यों और लाभों के बारे में प्रतिभागियों को विस्तार से जानकारी दी। पंकज शर्मा ने इस बात पर जोर दिया कि यह प्रशिक्षण न केवल पेशेवर गाइडिंग कौशल प्रदान करेगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और उत्तराखंड की जैव विविधता के महत्व को भी समझने का अवसर प्राप्त होगा।




प्रशिक्षण सत्र का नेतृत्व राजीव बिष्ट ने किया, जो एक अनुभवी प्रशिक्षक और वाइल्डलाइफ गाइडिंग विशेषज्ञ हैं। श्री बिष्ट ने पिछले 10 वर्षो में उत्तराखंड में कई बर्ड फेस्टिवल्स जैसे कोटद्वार, चिरबटिया और कालागढ़ बर्ड फेस्टिवल का सफल आयोजन किया है। उन्होंने प्रतिभागियों को वाइल्डलाइफ गाइडिंग, नैचुरलिस्ट कौशल, और ईको-टूरिज्म की बारीकियों पर गहन जानकारी दी। उनका अनुभव और विशेषज्ञता प्रतिभागियों को इस क्षेत्र में प्रेरित करने का काम कर रहा हैं।

## निबंध प्रतियोगिता अर्थशास्त्र विभाग



**25 नवम्बर 2024।** सरदार महिपाल राजेंद्र जनजातीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय साहिया में अर्थशास्त्र विभागीय परिषद के अंतर्गत होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के तहत निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें अर्थशास्त्र विभाग के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता में बीए पंचम सेमेस्टर के शुभम वर्मा प्रथम, बीए तृतीय सेमेस्टर की जानवी चौहान दूसरे और बीए द्वितीय सेमेस्टर की रविता ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष वरुण प्रसाद सेमवाल ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं की सक्रियता की सराहना की। कहा कि प्रतियोगिताएं छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए एक सकारात्मक कदम है। महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष रिंकूदास भारती व इतिहास विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. रीना रांगड प्रतियोगिता में निर्णायक रही। इस अवसर पर दिव्या चौहान, प्रीति, सुमन चौहान, अजय, रिया डिमरी, नीतू, नपिता आदि छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## साहिया जनजातीय महाविद्यालय में वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

**26 नवंबर, 2024।** सरदार महिपाल राजेंद्र जनजातीय (पी.जी.) कॉलेज साहिया में समाजशास्त्र विभागीय परिषद के अंतर्गत होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के तहत वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग कर विषय पर अपने विचार व्यक्त किए।

निर्णायक मंडल के सदस्यों के रूप में शिक्षाशास्त्र विभागाध्यक्ष आशा सिंह एवं अंग्रेजी विभागाध्यक्ष रेखा द्वारा प्रतियोगिता के परिणाम की घोषणा की गई। वाद विवाद प्रतियोगिता में विपक्ष से हेमन्त बी.ए. तृतीय सेमेस्टर ने प्रथम स्थान पक्ष से सविता बीए तृतीय सेमेस्टर ने द्वितीय स्थान एवं प्रीति बी.ए. प्रथम सेमेस्टर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर समाजशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रदीप कुमार ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं की सराहना की ओर कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से छात्र छात्राओं में समाज व समाज में किसी भी घटना को देखने के अलग अलग प्रकार के दृष्टिकोणों व अपनी बात को रखने की शैली का विकास होता है। इस अवसर पर आंचल, मिथुनी, पंकज, विशाल, आदि छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।




## अंग्रेजी विभाग ने आयोजित की निबंध प्रतियोगिता

**21 नवम्बर 2024।** सरदार महिपाल राजेंद्र जनजातीय पीजी कॉलेज साहिया में अंग्रेजी विभागीय परिषद के अंतर्गत होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के तहत निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। निर्णायक मंडल के सदस्यों के रूप में शिक्षाशास्त्र विभागाध्यक्ष आशा सिंह एवं समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रदीप कुमार द्वारा प्रतियोगिता के परिणाम की घोषणा की गई।

निबंध प्रतियोगिता में रविता बीए तृतीय सेमेस्टर ने प्रथम स्थान आंचल बीए प्रथम सेमेस्टर द्वितीय स्थान एवं प्रीति बीए प्रथम सेमेस्टर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष रेखा ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं की सराहना की तथा विजेता छात्र-छात्राओं को बधाई दी।



# जौनसारी, गढ़वाली, कुमाऊनी भाषा पर स्वरचित कविता लेखन प्रतियोगिता




**21 फरवरी 2025।** सरदार महिपाल राजेंद्र जनजातीय पीजी कॉलेज, साहिया में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उत्तराखंड की प्रमुख मातृभाषाएं- गढ़वाली, कुमाऊनी और जौनसारी में स्वरचित मौलिक कविता लेखन एवं प्रस्तुतीकरण प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम की संयोजक पूनम चौहान ने कहा कि मातृभाषा वह पहली भाषा है जिसे हम जन्म के बाद बोलना शुरू करते हैं और यह हमारी पहचान का मूल आधार है। इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य भाषाओं और सांस्कृतिक विविधता को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि भाषा का मनुष्य के जीवन में अत्यंत महत्व है, क्योंकि यह विचारों, भावनाओं और परंपराओं को आगे बढ़ाने का साधन है।

सह-संयोजक डॉ. रश्मि आर्या ने अपने संबोधन में कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस हमें हमारी भाषाई जड़ों से जोड़ता है और भाषाई समृद्धि को संरक्षित रखने का संदेश देता है। यह दिवस हमें याद दिलाता है कि प्रत्येक भाषा का सम्मान किया जाना चाहिए और अपनी मातृभाषा पर गर्व करना चाहिए।

प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष रिंकू दास, अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष वरुण प्रसाद सेमवाल एवं अंग्रेजी विभागाध्यक्ष रेखा मौजूद रहे। परिणाम घोषणा में सोनिया ने प्रथम स्थान, कल्पना ने द्वितीय स्थान और नेहा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. शशिकला ने विजेताओं और प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मातृभाषा के संरक्षण और संवर्धन के लिए इस तरह के आयोजन समय-समय पर होते रहने चाहिए।

# साहिया कॉलेज में केन्द्रीय बजट पर संगोष्ठी का आयोजन

**12 फरवरी 2025।** सरदार महिपाल राजेंद्र जनजातीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, साहिया के अर्थशास्त्र विभागीय परिषद के तत्वावधान में वर्ष 2025 के केन्द्रीय बजट पर चर्चा विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की थीम **सबका विकास** रही, जिसमें कृषि, एमएसएमई, निवेश और निर्यात इन चार प्रमुख विकास इंजनों पर केंद्रित विचार-विमर्श हुआ।

संगोष्ठी का उद्देश्य छात्रों को विकसित भारत की परिकल्पना, आर्थिक विकास, सतत एवं समावेशी विकास की अवधारणा, सरकारी व्यय और राजस्व योजनाओं के साथ-साथ समाज के विभिन्न वर्गो के लिए बनाई गई नीतियों की जानकारी प्रदान करना था।

अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष वरुण प्रसाद सेमवाल ने छात्रों की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम न केवल आर्थिक समझ को गहरा करते हैं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोण को भी समृद्ध करते हैं। उन्होंने इसे छात्रों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

इस अवसर पर शुभम वर्मा, रिया बिष्ट, दीक्षा नेगी, प्रीति, गीता, मनीषा, रक्षिता, लुक्यांशी, रिया डिमरी, कल्पना सहित अनेक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



# जौनसार-बावर में पारंपरिक ज्ञान व विज्ञान पर तीन दिवसीय कार्यशाला



**24 जनवरी 2025।** जौनसार-बावर क्षेत्र की पारंपरिक ज्ञान, विज्ञान एवं तकनीकी विरासत को संरक्षित व दस्तावेजीकृत करने के उद्देश्य से तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ आज सरदार महिपाल राजेंद्र जनजातीय (पी.जी.) कॉलेज, साहिया में हुआ। यह कार्यशाला रिपब्लिक फाउंडेशन सोसायटी, उत्तराखंड द्वारा उत्तराखंड विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (UCOST) के सहयोग से आयोजित की जा रही है।

उद्घाटन समारोह में रिपब्लिक फाउंडेशन समिति के अध्यक्ष शक्ति सिंह बर्त्वाल ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि जौनसार-बावर की समृद्ध सांस्कृतिक और वैज्ञानिक धरोहर को संरक्षित कर अगली पीढ़ी तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने पारंपरिक कृषि, बागवानी, औषधीय पौधों और सांस्कृतिक ज्ञान के महत्व पर जोर दिया।

कार्यशाला के दूसरे दिन, 25 जनवरी को, पद्मश्री प्रेमचंद शर्मा, डॉ. नंदलाल भारती, श्री महाबल सिंह नेगी और श्री अमर सिंह चौहान जैसे प्रतिष्ठित विशेषज्ञ अपने अनुभव साझा करेंगे। सत्रों में पारंपरिक खेती के तरीके, सांस्कृतिक धरोहर का संरक्षण, बागवानी तकनीक और औषधीय जड़ी-बूटियों के महत्व पर चर्चा होगी।

आयोजन सचिव डॉ. शचि नेगी ने बताया कि कार्यशाला में स्थानीय युवाओं, छात्र-छात्राओं और पारंपरिक ज्ञान में रुचि रखने वाले लोगों ने भाग लिया। डॉ. रीना रांगड़ ने जानकारी दी कि पंजीकरण प्रक्रिया कार्यक्रम के दौरान भी जारी रहेगी तथा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे।


कार्यशाला 26 जनवरी तक चलेगी, जिसमें प्रतिभागियों को पारंपरिक धरोहर के संरक्षण हेतु आवश्यक कौशल व जानकारी दी जाएगी। इस अवसर पर डॉ. रीना रांगड़, रिंकू दास भारती, सुश्री आशा, पूनम चौहान, नेशनल जियोग्राफिक के फोटोग्राफर पवन नेगी, गंभीर चौहान, मुकेश तोमर आदि मौजूद रहे।

# ऑल इंडिया कुश्ती प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे जनजातीय पीजी कॉलेज साहिया के तीन छात्र

**05 से 6 जनवरी 2025।** भटिंडा (पंजाब) में 05 से 6 जनवरी 2025 तक आयोजित होने जा रही ऑल इंडिया इंटर-यूनिवर्सिटी कुश्ती प्रतियोगिता 2024-25में श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय की टीम का प्रतिनिधित्व करने के लिए सरदार महिपाल राजेंद्र जनजातीय पीजी कॉलेज, साहिया के तीन छात्रों का चयन हुआ है।







**अर्षित तोमर**-61 किलोग्राम भार वर्ग

**सचिन कुमार**-65 किलोग्राम भार वर्ग

**विशु तोमर**- ग्रीको-रोमन कुश्ती प्रारूप

महाविद्यालय के चेयरमैन अनिल सिंह तोमर ने कहा कि यह उपलब्धि महाविद्यालय और क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने तीनों खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई देते हुए प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।

# राजकीय बालिका इंटर कॉलेज हरिपुर में एनईपी-2020 पर एकदिवसीय कार्यशाला



**18 जनवरी 2025।** सरदार महिपाल राजेन्द्र जनजातीय (पी.जी.) कॉलेज, साहिया के तत्वावधान में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, हरिपुर में नई शिक्षा नीति-2020 (एनईपी- 2020) पर आधारित एकदिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को नई शिक्षा नीति के उद्देश्यों, संरचना और प्रावधानों से अवगत कराना था। कार्यशाला के मुख्य वक्ता एवं राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष रिंकूदास भारती ने एनईपी-2020के प्रमुख बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह नीति बहु-विषयकता, अंतर-विषयकता तथा रोजगारोन्मुख शिक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने इसे विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए मील का पत्थर बताया।अंग्रेजी विभागाध्यक्ष रेखा ने परीक्षा प्रणाली, मूल्यांकन पद्धति और पाठ्यक्रम संरचना में किए गए बदलावों पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रमिला नैथानी, कार्यशाला समन्वयक अमृता कोचकवे, संगीता नौटियाल,कक्षा 11वीं एवं 12वीं की कुल 71 छात्राएं उपस्थित रहीं।

# साहिया महाविद्यालय तंबाकू मुक्त संस्थान घोषित

**04 फरवरी 2025 ।** सरदार महिपाल राजेंद्र जनजातीय पीजी कॉलेज, साहिया को तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान घोषित किया गया। यह उपलब्धि महाविद्यालय द्वारा तंबाकू मुक्त संस्थान मानकों को पूर्ण करने पर प्राप्त हुई। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, जनपद देहरादून के तत्वावधान में तंबाकू नियंत्रण पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ कार्यक्रम संयोजक डॉ॰ रीना रांगड़ द्वारा अतिथियों एवं विषय विशेषज्ञों के स्वागत से हुआ।

मुख्य वक्ता रेखा उनियाल ने छात्र-छात्राओं को तंबाकू सेवन के खतरों के प्रति जागरूक करते हुए इसके दुष्परिणामों पर प्रकाश डाला। वहीं, विषय विशेषज्ञ एवं मनोवैज्ञानिक डॉ॰ अनुराधा ने बताया कि तंबाकू से हर वर्ष 13 लाख से अधिक लोगों की असामयिक मृत्यु होती है और यह कैंसर सहित अनेक गंभीर बीमारियों का प्रमुख कारण है। कार्यशाला के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें पूजा ने प्रथम, प्रीति ने द्वितीय तथा निहारिका एवं मिथुनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को प्रमाणपत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम के साथ-साथ महाविद्यालय की



एनएसएस इकाई द्वारा एक दिवसीय शिविर और जनजागरूकता अभियान भी चलाया गया। एनएसएस प्रभारी रिंकूदास भारती ने कहा कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य समाज को नशे के दुष्परिणामों से बचाना और स्वस्थ जीवन के लिए प्रेरित करना है।

इस अवसर पर अनुराग उनियाल, हरीश पैन्युली, चेयरमैन अनिल सिंह तोमर, डॉ॰ शशिकला, डॉ॰ चंद्रिका, डॉ॰ रश्मि आर्या, डॉ॰ प्रियंका जलाल सहित अनेक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और नशामुक्त समाज निर्माण का संकल्प लिया।

---

# एनएसएस स्वयंसेवियों ने पौधारोपण से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**14 फरवरी 2025 ।** सरदार महिपाल राजेन्द्र जनजातीय पीजी कॉलेज, साहिया में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के तत्वावधान में एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने हेतु पौधारोपण अभियान में उत्साहपूर्वक भाग लेकर हरियाली का संदेश दिया।

कार्यक्रम अधिकारी रिंकूदास भारती ने बताया कि अभियान के अंतर्गत पर्यावरणीय महत्व की विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए।




उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन हम सभी का मौलिक कर्तव्य है। इसी के साथ छात्र-छात्राओं ने स्वच्छ और हरित वातावरण बनाए रखने की शपथ भी ली।

शिविर के अंतर्गत महाविद्यालय अतिरिक्त शैक्षणिक क्रियाकलाप समिति द्वारा **रिसाइक्लिंग ऑफ वेस्ट प्लास्टिक प्रतियोगिता** का भी आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य व्यर्थ प्लास्टिक की सामग्री के उचित पुनर्चक्रण और नवाचार को बढ़ावा देना था। इस प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने प्लास्टिक से आकर्षक और रंग-बिरंगे गमले तैयार किए। प्रतियोगिता में -

**प्रथम स्थान :** ऋषिता (बी.ए. द्वितीय सेमेस्टर)
**द्वितीय स्थान :** कविता (बी.ए. चतुर्थ सेमेस्टर)
**तृतीय स्थान :** काजल (एम.ए. द्वितीय सेमेस्टर)

अतिरिक्त शैक्षणिक क्रियाकलाप समिति की प्रभारी रेखा ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं छात्रों में सृजनशीलता, नवाचार और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देती हैं।

कार्यक्रम में एनएसएस स्वयंसेवी ऋषिता राणा, अरुणा, प्रमिला, प्रतिमा, नेहा, शिवानी, ऊषा, अंशिका, सोनिया, याशिका, अल्पना, अंबिका तोमर, काजल, सुभाष, पंकज, सचिन तोमर, अतर सिंह, अभिषेक कुमार, अनुज, सज्जन, बालम सहित कई विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# महिला सशक्तीकरण के लिए साहिया पीजी कॉलेज में आयोजित हुआ आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर



**08 मार्च 2025।** सरदार महिपाल राजेन्द्र जनजातीय पीजी कॉलेज साहिया में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महाविद्यालय एनएसएस इकाई के तत्वावधान में एक दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया।

कार्यक्रम संयोजक डॉ. रीना राँगड़ ने बताया कि शिविर आयोजित करने का उद्देश्य महिला सशक्तीकरण एवं आत्मरक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना था। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण शिविर में द्रोण मार्शल आर्ट विकासनगर की कोच शिल्पा राय एवं विपाशा राय ने एन एस एस स्वयंसेवियों को आत्मरक्षा के गुर सिखाए।

महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रेनू गुप्ता ने एन.एस.एस. स्वयंसेवियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक स्वयंसेवियों को महिला अदाकारों के प्रति जागरूक रहना चाहिए तथा समाज में महिलाओं के प्रति सकारात्मकता बढ़ाने हेतु समय समय पर जन-जागरूकता अभियान चलाने चाहिए।

कार्यक्रम सह संयोजिका एवं अंग्रेजी विभागाध्यक्ष रेखा ने कार्यक्रम का संचालन किया। उन्होंने धन्यवाद प्रस्ताव में उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए समाज में महिलाओं के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण बनाये रखने को लेकर स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के चेयरमैन अनिल सिंह तोमर, निदेशक शक्ति सिंह बर्तवाल, डॉ शशिकला, डॉ चंद्रिका, डॉ. रश्मि आर्या, डॉ प्रियंका जलाल, वरुण प्रसाद सेमवाल , सुनील दत्त शर्मा गम्भीर सिंह, मुकेश तोमर, रीता तोमर तथा एनएसएस स्वयंसेवी प्रमिला, सोनिया, पुष्पा , सविता, कविता, मनीष, अक्षय कुमार, काजल,अजय , पंकज, सचिन, मोनिका, सरिता आदि उपस्थित रहे।

# गृह विज्ञान विभागीय परिषद् के छात्रों को खानपान व बेहतर भविष्य के प्रति किया जागरूक

**7 अप्रैल 2025 ।** कालेज साहिया में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर गृह विज्ञान विभाग की ओर से स्वस्थ शुरुआत एवं आशाजानक भविष्य विषय पर व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। विभागाध्यक्ष डा. प्रियंका जलाल ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक व मानसिक परिवर्तनों के बारे में छात्र-छात्राओं को जागरूक किया। डा. जलाल ने बताया कि कैसे हम दिन की एक स्वस्थ शुरुआत कर सकते हैं और अपने भविष्य को रोगमुक्त बना सकते हैं। छात्र-छात्राओं व विषय प्राध्यापकों ने प्रण लिया कि वे इंद्रधनुष आहार प्रणाली व नियमित शारीरिक व्यायामह्लकोह्लअपनाएंगे।



# रंगोली एवं आख्यान प्रतियोगिता का आयोजन




**12 मार्च 2025।** सरदार महिपाल राजेंद्र जनजातीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, साहिया में गृह विज्ञान विभागीय परिषद के अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता एवं होली मिलन समारोह तथा अंग्रेजी विभागीय परिषद के अंतर्गत आख्यान प्रतियोगिता का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया।

रंगोली प्रतियोगिता में बी.ए. चतुर्थ सेमेस्टर की सरिता ने प्रथम, बी.ए. षष्ठम सेमेस्टर की प्रतिमा चौहान ने द्वितीय तथा बी.ए. चतुर्थ सेमेस्टर की प्रतिमा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

आख्यान प्रतियोगिता में बी.ए. चतुर्थ सेमेस्टर की रविता प्रथम, बी.ए. द्वितीय सेमेस्टर की याशिका द्वितीय तथा बी.ए. चतुर्थ सेमेस्टर की शिवानी तश्तीय स्थान पर रहीं।

गृह विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. प्रियंका जलाल ने प्रतिभागियों की सक्रियता की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम न केवल रचनात्मकता को प्रोत्साहित करते हैं, बल्कि प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का संदेश भी देते हैं। उन्होंने कहा कि रंग केवल सजावट का माध्यम नहीं हैं, बल्कि प्रेरणा, भावनात्मक संतुलन और रचनात्मक सोच के प्रतीक हैं।

अंग्रेजी विभागाध्यक्ष रेखा ने बताया कि आख्यान प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों के आख्यान कौशल का विकास करना और उन्हें आत्मविश्वासपूर्वक किसी विषय पर प्रस्तुति देने के लिए प्रेरित करना है।प्रतियोगिताओं में निर्णायक के रूप में अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष वरुण प्रसाद सेमवाल और समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. रश्मि आर्या ने योगदान दिया।इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कार्यक्रम को सफल बनाया।

# राष्ट्रीय वन दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

**21 मार्च 2025।** राष्ट्रीय वन दिवस के अवसर पर आज साहिया में एक विशेष जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ-साथ स्थानीय जनमानस ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वन संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा और प्लास्टिक के उपयोग पर रोक के लिए लोगों को प्रेरित करना था।

कार्यक्रम में 127 इंफैंट्री बटालियन (टेरिटोरियल आर्मी) ईको टास्क फोर्स, गढ़वाल राइफल्स के लेफ्टिनेंट कर्नल मोहित जोशी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि "पेड़ लगाना ही पर्याप्त नहीं है, उनका संरक्षण भी उतना ही आवश्यक है।" उन्होंने सभी से अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने, प्लास्टिक का उपयोग बंद करने और स्वच्छ एवं हरित पर्यावरण को बढ़ावा देने का आह्वान किया।

सरदार महिपाल राजेंद्र जनजातीय पी.जी. कॉलेज, साहिया के चेयरमैन अनिल सिंह तोमर ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए और उसका पालन-पोषण कर उसे बड़ा करना चाहिए। उन्होंने ईको टास्क फोर्स के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि "पर्यावरण संरक्षण की दिशा में आपका कार्य अनुकरणीय है।"

वन दरोगा अजय कुमार ने बताया कि वन विभाग समय-समय पर पर्यावरण संरक्षण हेतु कार्य करता रहता है और ईको टास्क फोर्स के साथ निरंतर सहयोग करता रहेगा।

कार्यक्रम के अंत में सभी ने वन संरक्षण और स्वच्छ पर्यावरण बनाए रखने की शपथ ली। इसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर, साहिया में वश्क्षारोपण किया गया और ईको टास्क फोर्स 127के सदस्यों द्वारा साहिया बाजार में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान प्लास्टिक व अन्य कचरा एकत्र कर उचित निपटान किया गया तथा स्थानीय नागरिकों और दुकानदारों को स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर ललिता शर्मा, बश्जमोहन सिंह, मोहन प्रसाद, राजेश जैन (अध्यक्ष मंडी समिति), लाखन सिंह, गंदेलू, प्रबोधन सिंह, पाल बिष्ट, हुकम सिंह, कुंदन सिंह चौहान, मनोज राठौर सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।



# साहिया कॉलेज में एनएसएस विशेष शिविर का शुभारम्भ



**22 मार्च, 2025।** सरदार महिपाल राजेंद्र जनजातीय (पी.जी.) कॉलेज, साहिया की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का भव्य शुभारंभ शनिवार को डामटा गांव स्थित बहुउद्देशीय भवन में हुआ। यह शिविर 22 से 28 मार्च तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें छात्र-छात्राएं विभिन्न सामाजिक एवं जन-जागरूकता गतिविधियों में भाग लेंगे।

उद्‌घाटन समारोह में एनएसएस इकाई की प्रभारी डॉ. रीना राँगड़ ने अतिथियों का स्वागत करते हुए शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने स्वयंसेवियों को समाज सेवा के महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि यह शिविर युवाओं में सेवा-भाव, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक चेतना को विकसित करने का माध्यम बनेगा।

**मुख्य अतिथि डॉ. गौरव वार्ष्णेय (एनएसएस प्रभारी, श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय)** ने अपने संबोधन में कहा कि एनएसएस युवाओं को राष्ट्र निर्माण की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने स्वयंसेवियों से आह्वान किया कि वे स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर जन-जागरूकता फैलाकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाएं।

महाविद्यालय के चेयरमैन अनिल सिंह तोमर ने स्वयंसेवियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविर युवाओं में समाज सेवा की भावना को सशक्त करते हैं और उन्हें चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करते हैं।

अंत में एनएसएस सह-प्रभारी वरुण प्रसाद सेमवाल ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सभी अतिथियों, ग्रामवासियों और प्रतिभागियों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत झुसौऊ-भाकरौऊ के प्रधान अनिल तोमर, मोहर सिंह तोमर, केसर सिंह तोमर, गोपाल तोमर, रीता तोमर सहित एनएसएस स्वयंसेवी अक्षय कुमार, प्रमिला, सरिता, पूजा, प्रतिमा, मनीष चौहान, दिनेश चौहान, रवीना, सुमन, निहारिका, अतर सिंह, मोनिका, शुभम वर्मा, सुजल जोशी, आशीष चौहान, नेहा, तनीषा चौहान एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## हरित पर्यावरण के लिए एनएसएस स्वयंसेवियों का जागरूकता अभियान




**23 मार्च 2025।** सरदार महिपाल राजेंद्र जनजातीय पी.जी. कॉलेज, साहिया की एनएसएस इकाई द्वारा जौनसार-बावर के ग्राम डामटा में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया।

एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रीना राँगड़ ने बताया कि इस अभियान के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। साथ ही, ग्राम में सफाई कर ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। मुख्य अतिथि गंभीर सिंह चौहान (जूनियर इंजीनियर, मनरेगा, कालसी) ने स्वयंसेवियों को स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण की महत्ता बताते हुए कहा कि एनएसएस युवा समाज में सकारात्मक बदलाव के वाहक हैं। अति विशिष्ट अतिथि नायब सूबेदार मोहन प्रसाद (इको टास्क फोर्स) ने अधिक वृक्षारोपण, उनका संरक्षण, और प्लास्टिक मुक्त पर्यावरण पर जोर दिया।

इस अवसर पर हवलदार संतोष चंद्र, एनएसएस सह-प्रभारी वरुण प्रसाद सेमवाल सहित शुभम वर्मा, सुजल जोशी, अतर सिंह, दिनेश चौहान, मनीष चौहान, तनीषा चौहान, नेहा, मिथुनी, मोनिका, रवीना, प्रमिला, सरिता, काजल, निहारिका, पूजा, अनुज तोमर, आशीष आदि उपस्थित रहे।

# निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में 63 ग्रामीण लाभान्वित




**24मार्च 2025।** सरदार महिपाल राजेंद्र जनजातीय पीजी कॉलेज, साहिया की एनएसएस इकाई द्वारा जौनसार–बावर क्षेत्र के ग्राम डामटा में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस सेवा कार्य में सी व्यू ट्रस्ट, रिपब्लिक फाउंडेशन सोसायटी और संस्कृति सेवा फाउंडेशन सोसाइटी का विशेष सहयोग रहा।

शिविर में कुल 63 ग्रामीणों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराकर लाभ उठाया, जिनमें महिलाओं और वृद्धजनों की सक्रिय भागीदारी उल्लेखनीय रही। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सी व्यू ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं चिकित्सक डॉ. महावीर बर्तवाल ने ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने और नियमित जांच की आवश्यकता पर बल दिया।

एनएसएस प्रभारी एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रीना राँगड़ ने बताया कि शिविर में पंजीकरण, संचालन और ग्रामीणों की सहभागिता सुनिश्चित करने में स्वयंसेवकों की भूमिका सराहनीय रही।

कॉलेज के अध्यक्ष अनिल सिंह तोमर ने सी व्यू ट्रस्ट, रिपब्लिक फाउंडेशन सोसायटी, संस्कृति सेवा फाउंडेशन सोसाइटी तथा एनएसएस इकाई के सभी सदस्यों और स्वयंसेवकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे सेवा कार्य समाज में स्वास्थ्य जागरूकता और सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

इस अवसर पर सी व्यू ट्रस्ट के अशोक भट्ट एवं मोनू भट्ट, रिपब्लिक फाउंडेशन सोसायटी के सौरभ गुसाई एवं कैलाश भंडारी, संस् ति सेवा फाउंडेशन सोसाइटी के प्रतिनिधि, एनएसएस सह–प्रभारी वरुण प्रसाद सेमवाल और स्वयंसेवी शुभम वर्मा, सुजल जोशी, अतर सिंह, दिनेश चौहान, मनीष चौहान, गीता, अंबिका तोमर, तनीषा चौहान, नेहा, मिथुनी, मोनिका, रवीना, प्रमिला, सरिता, काजल, निहारिका, पूजा, अनुज तोमर, आशीष आदि उपस्थित रहे।

# साहिया कॉलेज की एनएसएस इकाई का विशेष सात दिवसीय शिविर संपन्न

**28 मार्च 2025।** सरदार महिपाल राजेंद्र जनजातीय पीजी कॉलेज, साहिया की एनएसएस इकाई द्वारा ग्राम डामटा में आयोजित विशेष सात दिवसीय शिविर आज सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर के अंतिम दिवस पर स्वयंसेवियों ने ग्रामीणों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनमें लोकगीत, नृत्य और नाटक शामिल रहे। समापन समारोह में मुख्य अतिथि श्री भगत सिंह पाटा और महाविद्यालय के चेयरमैन श्री अनिल सिंह तोमर उपस्थित रहे। उन्होंने सात दिनों तक ग्रामीणों द्वारा दिए गए सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया तथा स्वयंसेवियों को समाज सेवा के प्रति निरंतर समर्पित रहने का संदेश दिया। एनएसएस प्रभारी डॉ. रीना राँगड़ ने कहा, "इन सात दिनों ने हमें न केवल ज्ञान और कौशल बढ़ाने का अवसर दिया, बल्कि समाज से जुड़ने और सेवा भाव को समझने का भी अनुभव प्रदान किया। ग्रामीणों के सहयोग ने इस शिविर को और भी सार्थक बना दिया।" सह–प्रभारी वरुण प्रसाद सेमवाल ने भी प्रतिभागियों और ग्रामीणों का धन्यवाद किया।

शिविर के समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किए, जिससे वातावरण भावुक हो गया। अंत में महाविद्यालय की ओर से सभी स्वयंसेवियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

इस अवसर पर स्वयंसेवी शुभम वर्मा, सुजल जोशी, अतर सिंह, दिनेश चौहान, मनीष चौहान, तनीषा चौहान, नेहा, मिथुनी, मोनिका, रवीना, प्रमिला, सरिता, काजल, निहारिका, पूजा, अनुज तोमर, आशीष आदि मौजूद रहे।



# बी.लिब. विद्यार्थियों का उत्तरांचल विश्वविद्यालय पुस्तकालय में शैक्षिक भ्रमण




**5 अप्रैल 2025।** सरदार महिपाल राजेन्द्र जनजातीय पी.जी. कॉलेज, साहिया के लाइब्रेरी साइंस (बी.लिब.) विभाग के छात्र-छात्राओं ने आज प्रेमनगर स्थित उत्तरांचल विश्वविद्यालय की सेंटर लाइब्रेरी का शैक्षिक भ्रमण किया।

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने पुस्तकालय विज्ञान के विविध पहलुओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इनमें पुस्तकों का वर्गीकरण व सूचीकरण, आदान-प्रदान की प्रक्रिया, निधानियों (रिफरेंस बुक्स) का प्रबंधन तथा पुस्तकों का विभिन्न श्रेणियों में वैज्ञानिक तरीके से संयोजन जैसी प्रमुख विधियां शामिल थीं।

पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. रामवीर तनवर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा, "पुस्तकें जीवन की सच्ची मित्र होती हैं और पुस्तकालय ज्ञान का असीम भंडार है। इंटरनेट युग में भी पुस्तकालय की महत्ता और प्रासंगिकता कम नहीं हुई है।" उन्होंने आधुनिक पुस्तकालय प्रबंधन में प्रयुक्त सॉफ्टवेयर, बारकोड प्रणाली एवं स्वचालित पुस्तक आदान-प्रदान प्रक्रिया का भी प्रत्यक्ष परिचय कराया। विद्यार्थियों ने पुस्तकालय के विभिन्न विभागों का भ्रमण कर वहां की कार्यप्रणाली का अवलोकन किया। इस अवसर पर बी.लिब. विभागाध्यक्ष पूनम चौहान सहित छात्र-छात्रा रितिक तोमर, विवेक चौहान, शुभम किशोर, प्रांजल चौहान, निकिता, कविता, नीतू, निशा, रिया, कपिल, रविना आदि उपस्थित रहे।

# समाज शास्त्र विभागीय परिषद् ने किया तर्क-वितर्क प्रतियोगिता का आयोजन

**9 अप्रैल 2025।** समाजशास्त्र विभाग की परिषद द्वारा बुधवार को **ग्रामीण महिला बनाम शहरी महिला : किसके संघर्ष अधिक हैं** विषय पर तर्क-वितर्क प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पक्ष एवं विपक्ष में अपने सशक्त तर्क प्रस्तुत किए।

प्रतिभागियों ने ग्रामीण महिलाओं के कठिन जीवन, संसाधनों की कमी और अधिकारों के संघर्ष को उजागर किया, वहीं कुछ ने शहरी महिलाओं की चुनौतियों, पहचान और सम्मान के लिए चल रहे संघर्ष पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष एवं कार्यक्रम प्रभारी डॉ. रश्मि आर्या ने की। उन्होंने कहा, ग्रामीण और शहरी दोनों ही महिलाएं अलग-अलग रूप और स्तर पर संघर्ष करती हैं। ग्रामीण महिला का संघर्ष 'अधिकारों के लिए' है, जबकि शहरी महिला का संघर्ष 'पहचान और सम्मान के लिए'। हमें दोनों ही परिस्थितियों को समझने और सुधारने की आवश्यकता है। एक समाज तभी विकसित कहलाता है जब उसकी हर महिला सुरक्षित, शिक्षित और आत्मनिर्भर हो। निर्णायक मंडल में अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष सुश्री रेखा एवं संस्कृत विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. चन्द्रिका शामिल रहीं।

परिणाम इस प्रकार रहे :

**प्रथम स्थान**- आंचल बिष्ट (चतुर्थ सेमेस्टर)
**द्वितीय स्थान**- अमित चौहान (चतुर्थ सेमेस्टर)
**तृतीय स्थान**- रंजीता (षष्ठम सेमेस्टर)



## जनजातीय कॉलेज में वीर केसरी चंद को दी श्रद्धांजलि



**3 मई, 2025।** सरदार महिपाल राजेन्द्र जनजातीय पी.जी. कॉलेज, साहिया में वीर शहीद केसरी चंद के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार के साथ-साथ क्षेत्र के गणमान्यजन भी उपस्थित रहे। सभी ने वीर शहीद को पुष्प अर्पित कर उनकी अमर गाथा को स्मरण किया। कार्यक्रम में चेयरमैन अनिल सिंह तोमर ने कहा कि आज के युवाओं को वीर केसरी चंद के जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र सेवा में आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि उनका बलिदान युगों-युगों तक युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा।

इस मौके पर लोक सूचना एवं संपर्क विभाग के संयुक्त निदेशक कलम सिंह चौहान, महाविद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य भारत चौहान, सहायक प्राध्यापक डॉ. प्रियंका जलाल, डॉ. चंद्रिका चौधरी, डॉ. रश्मि आर्या, पूजा परिहार, रितेश चौहान, मुकेश तोमर, खुशी बिष्ट, आँचल, प्रमिला, निशा आदि उपस्थित रहे।

## पर्यावरण संरक्षण के लिए साहिया महाविद्यालय के छात्रों ने ली शपथ




**5 जून 2025।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सरदार महिपाल राजेंद्र जनजातीय (पी.जी.) कॉलेज, साहिया में पर्यावरण संरक्षण हेतु जनजागरूकता फैलाने के उद्देश्य से शपथ समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को अपने आसपास के वातावरण को प्रदूषण से बचाने और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्राकृतिक संसाधनों को संरक्षित रखने के लिए प्रेरित करना था।

महाविद्यालय के चेयरमैन अनिल सिंह तोमर ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि अधिक से अधिक पौधारोपण किया जाना चाहिए और लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ और हरित वातावरण ही स्वस्थ समाज की नींव है। प्रबंधन समिति के सदस्य भारत सिंह चौहान ने छात्रों से पर्यावरण संरक्षण को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रवि कुमार, सह-समन्वयक पूनम चौहान, सहित अन्य शिक्षक एवं विद्यार्थी आदि उपस्थित रहे।


## हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर स्थानीय पत्रकारों का किया सम्मान



**30 मई, 2025।** हिन्दी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर एस.एम.आर. जनजातीय पी.जी. कॉलेज, साहिया में हिन्दी पत्रकारिता का महत्व एवं चुनौतियाँ विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रामीण क्षेत्रों में सक्रिय पत्रकारों को उनके योगदान के लिए सम्मानित भी किया गया। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता, विधानसभा के पूर्व सूचना अधिकारी एवं गढ़ बैराट समाचार पत्र के संपादक भारत चौहान ने कहा कि पत्रकार जनता और सरकार के बीच एक मजबूत सेतु के रूप में कार्य करता है। ग्रामीण स्तर पर कार्यरत पत्रकार कठिन परिस्थितियों में भी जन समस्याओं को उजागर कर समाज के उत्थान में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि आजादी की लड़ाई से लेकर उत्तराखण्ड राज्य निर्माण आंदोलन तक पत्रकारों का योगदान अमूल्य रहा है। श्री चौहान ने सोशल मीडिया युग की चुनौतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि आज लगभग हर व्यक्ति समाचार साझा कर सकता है, लेकिन पत्रकारिता का दायित्व है कि तथ्यों की प्रमाणिकता सुनिश्चित करते हुए सत्य घटना को समाज के सामने लाया जाए। सत्य को उजागर करना और बुराई का विरोध करना ही पत्रकार का परम उद्देश्य होना चाहिए। इस अवसर पर दैनिक जागरण के संवाददाता भगत सिंह तोमर, अमर उजाला के एस.एस. बिष्ट, ईटीवी भारत के टीकम वर्मा, डीसीपी न्यूज की शांति वर्मा और स्वयं भारत चौहान को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में एस.एम.आर. जनजातीय पी.जी. कॉलेज की प्रभारी प्राचार्य डॉ. शशिकला, कमल सिंह नेगी, डॉ. प्रियंका जलाल, डॉ. चंद्रिका, डॉ. रश्मि आर्या, डॉ. रीना रांगड़, पूजा परिहार, रेखा, वरुण प्रसाद सेमवाल, पूनम चौहान, रीता तोमर, मुकेश तोमर, रितेश चौहान, नरेश चौहान, साहिल राय सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।

# सरदार महिपाल राजेन्द्र जनजातीय (पी.जी.) कॉलेज का 8वां स्थापना दिवस धूमधाम से संपन्न



**6 जून 2025।** उत्तराखंड की जनजातीय क्षेत्र में स्थापित पहला महाविद्यालय सरदार महिपाल राजेंद्र जनजाति पी.जी. कॉलेज, साहिया ने आज अपना आठवां स्थापना दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ महाविद्यालय के सभागार में मनाया। कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालयों से पधारे प्राचार्यो एवं प्राध्यापकों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य एवं पूर्व सूचना अधिकारी भारत चौहान ने कहा कि सन् 1987 में साहिया में सरकारी महाविद्यालय खोलने के लिए बड़ा आंदोलन हुआ था, हालांकि उस समय महाविद्यालय स्थापित नहीं हो सका। बाद में सन् 2017 में सरदार महिपाल राजेंद्र के नाम से निजी महाविद्यालय की स्थापना हुई, जिसने जौनसार-बावर क्षेत्र में उच्च शिक्षा के नए द्वार खोले।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में महाविद्यालय में 500 से अधिक छात्र-छात्राएं उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। यहां विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के लिए रचनात्मक गतिविधियों के साथ-साथ खेल-कूद में भी उत्कृष्ट अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। अनेक विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है।

इस अवसर पर ग्लोबल शिक्षा समिति के अध्यक्ष सरदार सिंह तोमर, महाविद्यालय के चेयरमैन अनिल तोमर, प्राचार्य डॉ. रवि कुमार,




डॉ. शशिकला, रिंकूदास भारती, प्रदीप कुमार, डॉ. रीना, आशा सिंह, पूनम चौहान, गंभीर सिंह, नितिन तोमर, संदीप तोमर, आशु तोमर, रितेश चौहान सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



**सम्मानित शिक्षाविद्**

स्थापना दिवस के अवसर पर निम्नलिखित शिक्षाविदों को उनके उत्कृष्ट शैक्षिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया

डॉ. आशा रंगोली, राजकीय महाविद्यालय डोईवाला

प्रो. वी. पी. अग्रवाल, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मालदेवता, रायपुर

प्रो. राजेश उभान, प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय नरेंद्र नगर

डॉ. संगीता कैंतूरा, राजकीय महाविद्यालय थत्युड

प्रो. प्रमोद कुमार पंडित, ललित मोहन शर्मा परिसर, ऋषिकेश

डॉ. राकेश चंद्र जोशी, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोईवाला

डॉ. लीना रावत, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रायपुर

डॉ. अनीता चौहान, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मालदेवता, रायपुर

डॉ. संजय कुमार, प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय सतपुली, पौड़ी गढ़वाल

डॉ. राजकुमारी भंडारी, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय डाकपत्थर

डॉ. डिंपल भट्ट, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मालदेवता, रायपुर

प्रो. प्रीति कुमारी, प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग, टिहरी गढ़वाल

# साहिया पीजी कॉलेज में 5वां विदाई समारोह संपन्न



**14 जून 2025।** सरदार महिपाल राजेंद्र जनजातीय पीजी कॉलेज, साहिया में बीए द्वितीय वर्ष के छात्र–छात्राओं द्वारा बीए तृतीय वर्ष पूर्ण करने पर अपने वरिष्ठ साथियों के सम्मान में पांचवें विदाई समारोह का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं मंत्रोच्चारण के साथ हुआ। मुख्य अतिथि ग्लोबल शिक्षा समिति के अध्यक्ष सरदार सिंह तोमर ने महाविद्यालय से पास आउट होने वाले पांचवें बैच को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जीवन में संयम और अनुशासन बनाए रखते हुए देश सेवा में योगदान दें।

महाविद्यालय चेयरमैन अनिल सिंह तोमर ने अंतिम वर्ष के छात्र–छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की, वहीं प्राचार्य डॉ. रवि कुमार ने बीए पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर बधाई दी और उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने माहौल को यादगार बना दिया। इस अवसर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में

**मिस्टर फेयरवेल:** अजीत सिंह चौहान (बीए षष्ठम् सेमेस्टर)

**मिस फेयरवेल:** नेहा राय (बीए षष्ठम् सेमेस्टर)

**मिस्टर हैंडसम** : मोहित राणा

**मिस ब्यूटी** : खुशी चौहान


**सिंसीयर स्टूडेंट** : शुभम वर्मा

कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजन डॉ. रश्मि आर्या के नेतृत्व में हुआ, जिसमें डॉ. शशिकला, डॉ. रीना रांगड़, डॉ. प्रियंका जलाल, डॉ. चंद्रिका, रेखा, पूनम चौहान, गम्भीर सिंह, मुकेश तोमर सहित अनेक संकाय सदस्य एवं छात्र–छात्राएं मौजूद रहे।

# योग दिवस पर एसएमआर कॉलेज ने दिया स्वस्थ जीवन का संदेश

**21 जून 2025।** सरदार महिपाल राजेंद्र जनजातीय (पी.जी.) कॉलेज, साहिया में शुक्रवार को 127 प्रादेशिक सेना पर्यावरण बल, साहिया कैंप एवं साहिया वैली क्रीड़ा समिति के संयुक्त तत्वावधान में 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया।

योग प्रशिक्षक रणवीर सिंह चौहान ने छात्रों, शिक्षकों और जवानों को विभिन्न योगासन व प्राणायाम की विधियां सिखाते हुए योग के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभ बताए। प्राचार्य डॉ. रवि कुमार ने योग को जीवन का अभिन्न अंग बताते हुए विद्यार्थियों से इसे दैनिक दिनचर्या में शामिल करने का आग्रह किया। 127 प्रादेशिक सेना पर्यावरण बल के प्रतिनिधियों ने प्रतिभागियों को पर्यावरण संरक्षण और योग को जीवनशैली का हिस्सा बनाने की शपथ दिलाई।



कार्यक्रम में महाविद्यालय के डॉ. चंद्रिका, रिंकू दास, गंभीर सिंह चौहान, रितेश चौहान, मुकेश तोमर, रीता तोमर, सुरभि, खुशी, सोनिया, यशिका, अंबिका तोमर, अल्पना सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी शामिल हुए।

सेना बल के सूबेदार बृजमोहन सिंह, सूबेदार प्रवीण कुमार, सी.एच.एम. नथी प्रसाद, सी.एच.एम. राकेश चंद्र, वीरेंद्र सिंह तथा साहिया वैली क्रीड़ा समिति के अध्यक्ष कलम सिंह, पूर्व अध्यक्ष अनिल तोमर, अनिल राय, गंभीर सिंह, कांति चौहान, नरेश तोमर आदि भी मौजूद रहे।

## सरदार महिपाल राजेन्द्र
# जनजातीय (पी.जी.) कॉलेज
# S.M.R. JANJATIYA (P.G.) COLLEGE
Affiliated to Sri Dev Suman Uttarakhand University

## ADMISSION OPEN

**B.A.** **B.Com.** **M.A.** **B.Lib.**

**Bsc. Home Science** | **P.G. Diploma in Mass Com.** | **P.G. Diploma in Yoga** | **Diplomain Hotel Management**

**समर्थ पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन फार्म भरते समय कॉलेज कोड-309 का चयन करें।**

साहिया, तहसील-कालसी, देहरादून-248196 (उत्तराखण्ड)

फोन नं.: 01360-298172, 9759491931, 7906624646, 9719491931, 9410508036

# उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
## अध्ययन केन्द्र कोड-11130
## सरदार महिपाल राजेन्द्र जनजातीय (पीजी) कॉलेज

## ADMISSION OPEN

**B.A.** **M.A.**

**B.Com.** **M.Com.**

**ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन फार्म भरते समय अध्ययन केन्द्र कोड-11130 का चयन करें।**

साहिया, तहसील-कालसी, देहरादून-248196 (उत्तराखण्ड)

फोन नं.: 9719491931, 9759491934, 9758659900, 7579244111

Printed by Priyanka Graphic Printers 7017695204

# विशेष सहयोग



**डॉ. रवि कुमार**
प्राचार्य
नेट, पी.एच.डी. (भूगोल)



**डॉ. प्रियंका जलाल**
उप-प्राचार्य एवं विभागाध्यक्ष, गृह विज्ञान
नेट, पी.एच.डी. (गृह विज्ञान)



**डॉ. शशिकला**
विभागाध्यक्ष हिन्दी विभाग,
पी.एच.डी. (हिन्दी)



**डॉ. रेनू देवी**
विभागाध्यक्ष इतिहास
नेट, पी.एच.डी. (इतिहास)



**श्री रिंकूदास**
विभागाध्यक्ष, राजनीति विज्ञान
नेट (राजनीति विज्ञान)



**श्री प्रदीप कुमार**
विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र
नेट (समाजशास्त्र)



**श्री वरुण प्रसाद सेमवाल**
विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र
यू.सेट (अर्थशास्त्र)



**सुश्री रेखा**
विभागाध्यक्ष अंग्रेजी
नेट (अंग्रेजी)



**सुश्री पूजा पाण्डेय**
विभागाध्यक्ष चित्रकला
नेट (चित्रकला)



**डॉ. रीना रांगड**
सहायक प्राध्यापक
पी.एच.डी. (इतिहास)



**सुश्री पूजा परिहार**
विभागाध्यक्ष भूगोल विभाग
नेट (भूगोल)



**डॉ. रश्मि आर्या**
सहायक प्राध्यापक
पी.एच.डी. (समाजशास्त्र)



**श्रीमती पूनम चौहान**
सहायक प्राध्यापक,
एम.लिब.


## सरदार महिपाल राजेन्द्र जनजातीय (पी.जी.) कॉलेज

## S.M.R. JANJATIYA (P.G.) COLLEGE

श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय से सम्बद्ध-309

**साहिया, तहसील-कालसी, देहरादून-248196 उत्तराखण्ड**

फोन नं.: 01360-298172, 9759491931, 7906624646, 9719491931, 9410508036